दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।बुधवार 25 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 346 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# रेलवे ट्रैक पर कोई साजिश ना हो सके साकार

## पुलिस कमिश्नरेट, जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों ने बनाया सुरक्षा का मास्टर प्लान



### एडिशनल सीपी के नेतृत्व में हुई बैठक, सीसीटीवी और ट्रैक सर्विलेंस से होगी निगरानी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम )।** गाजियाबाद से कई प्रमुख रेलवे ट्रैक गुजरते हैं। जहां हर 15 से 20 सेकंड के भीतर देश की प्रमुख ट्रेनें और हाई स्पीड रेल गाड़ियां निकलती हैं। कानपुर और यूपी के कई जनपदों में रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध गतिविधियां पाई जाने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने आरपीएफ के सीनियर डिवीजन सिक्योरिटी कमिश्नर, जीआरपी गाजियाबाद के एसपी और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारियों के साथ रेलवे ट्रैक पर किसी प्रकार की तोड़फोड़, राष्ट्र विरोधी घटना और रेलवे ट्रैक पर रेल को डिरेल करने को लेकर किसी प्रकार की साजिश को नाकाम करने के लिए एक हाई लेवल कोऑर्डिनेशन मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग का आयोजन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस लाइन स्थित शहीद परमजीत हाल में किया गया। जिसमें दिल्ली आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

### चिन्हित किए गए हॉटस्पॉट और पत्थरबाजी करने वालों पर रहेगी नजर

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में रेलवे ट्रैक पर किसी प्रकार की साजिश को अंजाम न दिया जाए। इसको लेकर रिजर्व पुलिस लाइन में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी व कल्पना सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल से एस. सुधाकर सीनियर डिवीजन सिक्योरिटी कमिश्नर आफ नई दिल्ली, शंकर सिंह असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर आरपीएफ, गाजियाबाद प्रभारी निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी से आशुतोष शुक्ला पुलिस अधीक्षक जीआरपी मुरादाबाद मंडल के साथ ही क्षेत्राधिकार जीआरपी सुदेश गुप्ता, जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अनुज के साथ ही डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी देहात जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी के साथ ही एसीपी घंटाघर कोतवाली, एसीपी कवि नगर, एसीपी इंदिरापुरम, साहिबाबाद, लोनी,अंकुर विहार, मसूरी, मोदीनगर, एलआईयू इस बैठक में शामिल हुए। इस दौरान रेलवे ट्रैक पर पत्थरबाजी रोकने के साथ ही यहां हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए हैं ताकि रेलवे ट्रैक अवरोध करने की घटनाओं को नाकाम किया जा सके। पत्थरबाजी, लूट और चोरी करने वाले गिरोह पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### रेलवे लाइन के आसपास झुग्गी-झोपड़ियों के निवासियों का होगा सत्यापन

**करंट क्राइम ।** बैठक की अध्यक्षता कर रहे आईपीएस अधिकारी दिनेश कुमार पी ने कहा है कि रेलवे लाइन के आसपास रहने वाले व्यक्तियों की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले निवासियों का थाना पुलिस और जीआरपी की मदद लेकर सत्यापन कराया जाएगा। इसके साथ ही विगत 10 वर्षों के रेलवे संबंधित अपराधों व उनके घटनास्थलों की जानकारी साझा करते हुए नए हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए हैं। कोई भी ट्रेन हादसा होने पर सिविल पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी की मदद करते हुए संयुक्त ऑपरेशन चलाएंगे। इसके साथ ही सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी एवं संयुक्त रूप से व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर जीआरपी और आरपीएफ के साथ सूचनाओं का आदान प्रदान करेंगे। रेलवे स्टेशन और उसके आसपास जो सीसीटीवी हैं, उनकी जांच करने के साथ कई स्थानों पर असामाजिक तत्वों से बचाव के लिए कैमरे लगाने के साथ ही अपना सूचना तंत्र प्रभारी रूप से विकसित करने का भी काम करेंगे। इस दौरान रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस आपस में समन्वय स्थापित करते हुए एसओपी भी तैयार करेगी।



### आगामी त्यौहारी सीजन को लेकर भी किया गया अलर्ट

**करंट क्राइम ।** आने वाला सीजन त्योहारों का है और त्योहारों के सीजन में रेल गाड़ियों में भीड़भाड़ अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में कोई असामाजिक तत्व जनहानि पहुंचाने के मकसद में कामयाब ना हो, इसको लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है ताकि रेलवे ट्रैक की सुरक्षा में रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस अलर्ट मोड पर बनी रहे।

# पराली जलाई तो लगेगा 15 हजार का जुर्माना

## गाजियाबाद, लोनी और मोदीनगर में एसडीएम से लेकर एसीपी तक बनाए गए रोकथाम के लिए सदस्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बड़ा मुद्दा रहता है और गाजियाबाद में तो जहरीली हवा लोगों के जीवन से लेकर जनजीवन पर असर डालती है। गाजियाबाद में इस बार सर्दी के दिनों में पराली ना जलाया जाए और वायु प्रदूषण के स्तर को कंट्रोल में रखा जाए, इसके लिए मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग सात ने आदेश जारी करते हुए ,यहां कई तरीके की रोकथाम लगाने के साथ ही अधिकारियों की तहसीलवार टीम बनाकर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। इस निर्देश का सीधा सा मतलब है कि तहसील स्तर पर एसडीएम द्वारा सचल दस्ते तैयार किए जाएं। फसल





कटाई से पूर्व सचल दस्ते सभी सदस्यों और फसल अवशेष कृषि अपशिष्ट जलाने वाले के लिए प्रभावी कार्रवाई करेंगे और रोकने के लिए टीम में गठित की जाएं। इसमें ग्राम विकास अधिकारी, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, गन्ना विभाग और पुलिस विभाग को भी सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### गाजियाबाद, मोदीनगर और लोनी तहसील पर लागू होगा कार्रवाई वाला प्लान

**करंट क्राइम ।** गाजियाबाद तहसील स्तर पर एसडीएम के साथ ही खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, विषय वस्तु विशेषज्ञ और ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक के साथ ही उस क्षेत्र के एसीपी को जिम्मेदारी दी गई है कि वह पराली जलाने के साथ ही खुले में कूड़ा जलाने या लकड़ी-भट्ठा संचालित करें तो उन पर करवाई जाए। इसके साथ ही लोनी और गाजियाबाद तहसील पर भी इसी क्रम में अधिकारियों को पराली जलाने से रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

### सचल दस्ते लगाएंगे जुमार्ना

**करंट क्राइम ।** शासन द्वारा जो आदेश जारी किया गया है उसमें एसडीएम स्तर के अधिकारियों से लेकर पुलिस के एसीपी स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि अगर किसी भी तहसील क्षेत्र में पराली जलाई जाती है या कोई ऐसा काम किया जा रहा है, जिससे वायु प्रदूषण की स्थिति बिगड़ने का खतरा और धुंआ या धूल उड़ रही है, तो यहां 15 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाने का भी प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही लगातार इन अधिकारियों की टीम सचल दस्ता बनाकर वायु प्रदूषण की स्थिति को सुधारने और पराली ना जलाने को लेकर भी काम करेगी।

# पुलिस कमिश्नरेट में महिला आरक्षी की डेंगू से मौत

## बिजनौर में दी गई अंतिम सलामी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** डेंगू बुखार गाजियाबाद में तेजी से पैर फैला रहा है और रोजाना मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं पुलिस महकमें डेंगू बुखार से पीड़ित महिला आरक्षी की उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत थाना नंदग्राम में सीसीटीएनएस का काम संभालने वाली महिला आरक्षी आंचल चौधरी का निधन हो गया है।

बताया जा रहा है वह बीते कई दिनों से मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती थी, जहां उनका उपचार चल रहा था। आंचल चौधरी की मृत्यु के बाद उनके पार्थिव शरीर को उनके गृह जनपद बिजनौर ले जाया गया, जहां पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। जानकारी मिली है कि वह 21 सितंबर को मैक्स में हालत नाजुक होने की स्थिति में भर्ती कराई गई थीं, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हुई है।

### सीसीटीएनएस के कार्य में निपुण थी आंचल, दिया था सीजीएल का पेपर

**करंट क्राइम ।** नंदग्राम थाने से जानकारी मिली है कि डेंगू बुखार के कारण और असमय हुई आंचल चौधरी की मृत्यु के बाद पुलिसकर्मियों में शोक की लहर है। जानकारी मिली है कि वह थाना नंदग्राम का सीसीटीएनएस का सभी काम देखती थी । उनकी बेहतर वर्किंग की वजह से कई बार थाने की सीसीटीएनएस में रैंकिंग भी श्रेष्ठ रही है। वहीं पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि आंचल चौधरी ने बीते दिनों सीजीएल की परीक्षा दी थी। बताया गया है कि उनका पेपर बेहतर हुआ था और आंचल अपने साथियों को बताती थी कि उसका चयन हो जाएगा। असमय हुई आंचल की मृत्यु से पुलिस महकमें शोक की लहर है। वहीं यूपी पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल से भी आंचल चौधरी की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया है।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग खेल रहे हैं विकास वाली पारी



## पिलखुवा के अंडर पास से लेकर दौलतपुरा में नाले का कराया है उद्धार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग लोकसभा वाले अंदाज में विकास वाली पारी खेल रहे हैं। वो लगातार अधिकारियों को पत्र लिख रहे हैं और कई जगह मौके पर समाधान करा रहे हैं। अपने लोकसभा क्षेत्र के लिए अतुल गर्ग विकास का नया मैप तैयार कर रहे हैं। अगर उन्हें अपने लोकसभा क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिये किसी मंत्रालय में भी जाना है तो वो जा रहे हैं। अतुल गर्ग ने अपने लोकसभा क्षेत्र मे आने वाले पिलखुवा में अंडर पास की सौगात दी है। बताया जाता है कि स्थानीय लोग लंबे समय से इस अंडर पास की मांग कर रहे थे। हजारों लोगों को इस अंडरपास के बनने से लाभ हुआ है। बताते हैं कि पिलखुवा क्षेत्र के लोगों में इस मांग को अतुल गर्ग के सामने रखा और जो काम कई वर्षों से नहीं हुआ था उस काम को सांसद बनते ही अतुल गर्ग ने पहले साल में ही कराया है। बताते हैं कि उन्होंने इस काम के लिये संबंधित मंत्रालयों में संपर्क किया और फिर वे पिलखुवा के लोगों के लिये अंडरपास ले आए। यहां काम शुरू हो गया है और कई फुट कूड़ा उठ चुका है और लोगों को इसका लाभ मिलने जा रहा है। वहीं शहर विधानसभा क्षेत्र में दौलतपुरा रेलवे फाटक के पास एक नाले के लिये रास्ता बना है। इस नाले को एक तरीके से रेलवे अंडरपास भी माना जा सकता है। यहां इस नाले के बनने के बाद निकासी के साधन हो जाएंगे क्योंकि ये नाला यहां से निकल नहीं पा रहा था। वही अतुल गर्ग ने अपनी विधानसभा में क्रॉसिंग क्षेत्र में भी विकास की सौगात दी है। सांसद के रूप में अतुल गर्ग जबरदस्त बैटिंग कर रहे हैं और उनके पास अपने लोकसभा क्षेत्र के लिये एक पूरी लिस्ट तैयार है। वो जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# 27 सितंबर को होगी कलक्ट्रेट में दिशा की पहली बैठक

## सांसद अतुल गर्ग की कप्तानी में विधायकों का दिखेगा पूरा तालमेल

### अतुल गर्ग की वैसे भी ये खासियत है कि वो किसी भी बैठक में आधी अधूरी तैयारी के साथ नहीं आते

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति — दिशा — एक कदम सही दिशा की ओर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिशा की बैठक अहम मानी जाती है इसमें विकास से जुड़े कई मुद्दों पर अधिकारियों को पूरा पक्ष रखना पड़ता है। जब से लोकसभा सांसद अतुल गर्ग बने हैं तब से दिशा की बैठक नहीं हुई है। सांसद बनने के बाद अतुल गर्ग ने सिंचाई विभाग से लेकर कई अन्य विभागो के अधिकारियों को पत्र लिखे थे और उन्हें दिशा की बैठक में पूरी तैयारी के साथ आने के लिये कहा था। इसी बीच घटनाक्रम ऐसा रहा कि सभी लोग व्यस्त रहे। अब कलक्ट्रेट में दिशा की बैठक होगी और यह बैठक 27 सितंबर को होगी। अतुल गर्ग के लोकसभा सांसद बनने के बाद ये दिशा की पहली बैठक है। बताया जाता है कि इस बार इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदू उठेंगे। अधिकारियों को सांसद की ओर से दिशा निर्देश दे दिये गये हैं। अतुल गर्ग की कप्तानी में जनप्रतिनिधियों की टीम पूरी तालमेल के साथ यहां सामने आएगी। विधानसभा से जुड़े मुद्दों को विधायक रखेंगे और सांसद उसकी समीक्षा करेंगे और जहां अधिकारियों को जवाब देना ही होगा। इस बार दिशा की बैठक में रोचक नजारा देखने को मिल सकता है। क्योंकि सांसद के रूप में अतुल गर्ग पूरी तैयारी के साथ आएंगे।

अतुल गर्ग की वैसे भी ये खासियत है कि वो किसी भी बैठक में आधी अधूरी तैयारी के साथ नहीं आते हैं। मामला लाइनपार क्षेत्र के विकास का हो, मामला होनी के सहारनपुर रोड पर पानी के निकास का हो सांसद के रूप में अतुल गर्ग अपना पूरा ब्लू प्रिंट लेकर आते हैं। इस बार भी उन्होंने पहले ही अधिकारियों को पत्र भेजकर कई मुद्दों पर जवाब मांग लिया है और उस पत्र में ये निर्देश भी दिये हैं कि दिशा की बैठक में पूरी तैयारियों के साथ आना है।

### कभी रही थी इसी दिशा की बैठक में विधायकों की कुर्सियां खाली

गाजियाबाद। लोकसभा का नजारा बदल चुका है और कलक्ट्रेट का भी नजारा बदल रहा है। 27 सितंबर को दिशा की बैठक होनी है और इस बार विधायक तो वही रहेंगे लेकिन सांसद वाला चेहरा विधायकों के बीच से आयेगा। यानी दोनों तरफ विधायकों को बोलबाला रहेगा। बैठक को लेकर इसके अन्य सदस्य भी उत्साहित हैं। वो उस समय को याद कर रहे हैं जब कलक्ट्रेट में दिशा की बैठक हो जाती थी और विधायकों की कुर्सियां खाली रहती थी। यहां तक भी हुआ था कि दिशा की बैठक हो रही है और विधायकों की लोकेशन साहिबाबाद में भंडारे पर मिल रही थी। दिशा की बैठक हो रही है और विधायकों को सूचना नहीं थी। इस बार दिशा की बैठक में बहुत कुछ दशा बदली हुई है और विधायकों को समय से सूचना भी है और वो इस बैठक के लिये तैयार भी हैं।

# नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक का पार्षदों को है वेट, कार्यकारिणी सदस्य बोले मीटिंग हो चुकी है बहुत ही लेट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** दीपावली से पहले शहर के अलग-अलग 100 वार्डों में कई प्रकार के विकास कार्य होने हैं। तो वहीं अधिकारियों और निगम की महापौर सुनीता दयाल ने भी प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच लाइटें दिए जाने और इसको दीपावली से पहले शुरू किए जाने का आश्वासन दिया था। उधर नगर निगम गाजियाबाद में लंबे समय से कार्यकारिणी की बैठक नहीं हुई है। बीते दिनों भले ही कार्यकारिणी के सदस्यों का बिना किसी वाद-विवाद के चुनाव हो गया हो लेकिन इसके बाद नगर निगम के पार्षदों को कार्यकारिणी की मीटिंग का वेट हो रहा है। कई पार्षद तो कह रहे हैं कि नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक लेटे हो रही है। वहीं बीते कई महीनों से बैठक नहीं हुई है जबकि विकास कार्यों की रफ्तार को जारी रखने के लिए कम से कम महीने में एक बार बैठक तो अवश्य होनी चाहिए। इसी विषय को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्यों से बातचीत की। जिसमें पार्षदों का कहना है कि नगर निगम कार्यकारिणी बैठक जल्द से जल्द कराई जानी चाहिए।

## कार्यकारिणी सदस्यों की तेज हो रही है मीटिंग वाली मांग



### कई महीनों से नहीं हुई है कार्यकारिणी की बैठक : प्रवीण चौधरी

**करंट क्राइम ।** नगर निगम के पुराने पार्षद और पूर्व डिप्टी मेयर रह चुके प्रवीण चौधरी का कहना है कि महापौर से वह निवेदन करते हैं कि जल्द से जल्द नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक कराई जाए। नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक कम से कम 30 दिनों के भीतर तो होनी ही चाहिए, जबकि इस बार बैठक हुए लगभग तीन महीने से अधिक का समय हो गया है। नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक न होने की वजह से अधिकारी अपनी मनमर्जी चला रहे हैं और विकास कार्यों पर ब्रेक लगा हुआ है। तमाम ऐसे कार्य रुके पड़े हैं जो बरसात के सीजन के बाद होने चाहिए थे लेकिन नगर निगम की कार्यकारिणी ना होने की वजह से लेट लतीफे वाली स्थिति बनी हुई है, जो ठीक नहीं है। पार्षद प्रवीण ने कहा कि शहर के विकास और कई योजनाओं को पूरा करने के लिए कार्यकारिणी के बैठक बेहद आवश्यक है। इसीलिए महापौर को जल्द से जल्द निर्णय लेते हुए कार्यकारिणी की बैठक बुलानी चाहिए।



### शीघ्र होनी चाहिए कार्यकारिणी की बैठक : नरेश भाटी

**करंट क्राइम ।** वसुंधरा क्षेत्र से पार्षद नरेश भाटी का कहना है कि लंबे समय से नगर निगम में कार्यकारिणी की बैठक नहीं हुई है। कार्यकारिणी की बैठक में शहर और क्षेत्र के विकास के तमाम विषयों पर महापौर, नगर आयुक्त और संबंधित विभाग के अधिकारियों के सामने बातचीत हो जाती है। जिससे विकास में गति आती है। संबंधित रुके हुए काम तेजी से होते हैं और जनता को जो परेशानी फेस करनी पड़ती है। उसको उचित मंच पर रखने का अवसर मिलता है। पार्षद नरेश भाटी का कहना है कि नगर निगम में महापौर को जल्द से जल्द कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर सभी पार्षदों को बुलाना चाहिए ताकि शहर और क्षेत्र के विकास के कई महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक पहल हो सके और जो समस्याएं हैं उनका निस्तारण करवाया जा सके।

### अभी नहीं है कार्यकारिणी की बैठक को लेकर कोई सूचना : नीरज गोयल



**करंट क्राइम ।** नगर निगम के हाल ही में चुने गए कार्यकारिणी सदस्य और गांधीनगर-तुराबनगर सिटी जोन से पार्षद नीरज गोयल का कहना है कि अभी कार्यकारिणी की बैठक को लेकर कोई सूचना नहीं आई है। उन्होंने कहा है कि बीते दिनों जो कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव हुआ था, उसके मिनिट्स भी अभी नहीं बताए गए हैं। हो सकता है कि महापौर शीघ्र ही कार्यकारिणी की बैठक को लेकर प्लान बना रही हों और बैठक जल्द हो जाए। पार्षद नीरज ने कहा है की बैठक होगी तो तमाम विषयों पर बात रखी जाएगी और जो समस्या आ रही हैं उनको खत्म कराने के प्रयास किए जाएंगे।

### महापौर को जल्द लेना चाहिए कार्यकारिणी बैठक पर निर्णय : आदिल मलिक



**करंट क्राइम ।** नगर निगम के वार्ड 90 से पार्षद आदिल मलिक का कहना है कि महापौर को निर्णय लेना चाहिए कि जल्द कार्यकारिणी की बैठक हो। नगर निगम गाजियाबाद की कार्यकारिणी की बैठक नहीं होने की वजह से विकास के मुद्दे रुके हुए हैं। तो वहीं पार्षद की जो समस्याएं हैं, वह उचित मंच पर नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने कहा है कि नगर निगम में बीते दिनों टैक्स के मुद्दे को लेकर भी अभी स्थिति क्लियर नहीं हो रही है, अगर कार्यकारिणी की बैठक होगी तो उसमें सामूहिक रूप से पार्षद अपनी बात रखेंगे और इस महत्वपूर्ण विषय पर भी समाधान आना चाहिए। उन्होंने महापौर से अपील की है कि वह कार्यकारिणी की बैठक को लेकर जल्द ही उचित फैसला लें ताकि नगर निगम के पार्षद अपने क्षेत्र के विकास के बारे में कार्य योजना बना सकें।

# राजनाथ सिंह बोले भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे, हमें तैयार रहने की जरूरत



**नई दिल्ली।** वर्तमान भूराजनीतिक स्थिति को देखते हुए भविष्य में समुद्री खतरे बढ़ेंगे। हमें सतर्क और तैयार रहने की जरूरत है। मंगलवार को यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। वह दिल्ली में आयोजित भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) कमांडरों के सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया तकनीकी क्रांति के दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी और ड्रोन के इस युग में सुरक्षा के क्षेत्र में अहम बदलाव देखने को मिल रहे हैं। समुद्री सुरक्षा की जटिलताओं की पृष्ठभूमि में तटरक्षक कमांडरों का सम्मेलन रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मामलों पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच है। यहां तटरक्षक मुख्यालय में वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री ने आईसीजी को भारत का अग्रणी रक्षक बताया, जो निरंतर निगरानी के माध्यम से देश की विशाल तटरेखा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और आतंकवाद और हथियारों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों की रोकथाम करता है। तटरक्षक दल जिस बहादुरी और समर्पण के साथ संकट के समय में देश की सेवा करता है, उसकी सराहना करते हुए उन्होंने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने पोरबंदर के पास हाल ही में एक ऑपरेशन में अपनी जान गंवा दी। राजनाथ सिंह ने देश को आंतरिक आपदाओं से बचाने में भी आईसीजी के योगदान को अद्वितीय बताया। उन्होंने चक्रवात मिचौंग के बाद चेन्नई में तेल रिसाव के दौरान तटरक्षक दल की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की। यहां तटरक्षक बल की सक्रियता से तटीय पारिस्थितिकी तंत्र को एक बड़ी क्षति होने से बचा लिया गया।

# खाने-पीने के सामान में गंदगी मिलाने पर योगी सरकार सख्त

## अब दुकानों पर मालिक-मैनेजर का लिखना होगा नाम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि ऐसे ढाबों और रेस्टोरेंट आदि खानपान के प्रतिष्ठानों की सघन जांच होगी और हर कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट और गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में घटीं ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य और गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं। ऐसे ढाबों और



रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए। खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर आदि के नाम और पता प्रमुखता से डिस्प्ले किये जाने चहिये। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाए। ढाबे, होटलों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था हो। न केवल ग्राहकों के बैठने के स्थान पर बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी सीसीटीवी से कवर होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि हर प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी की फीड को सुरक्षित रखेगा और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराएगा।

### खानपान के केंद्रों पर सफाई हो

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि खान पान के केंद्रों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि खाद्य पदार्थों को तैयार करने तथा सर्विस के समय संबंधित व्यक्ति मास्क और ग्लव्स का उपयोग जरूर करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आमजन के स्वास्थ्य हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। ऐसा प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। खाद्य पदार्थों को बनाने, बेचने अथवा अन्य संबंधित गतिविधियों से जुड़े नियमों को व्यवहारिकता का ध्यान रखते हुए और सख्त किया जाए। नियमों की अवहेलना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

# 30 करोड़ की जमीन से अंसल बिल्डर का कारोबार ध्वस्त

## सीवर डालकर किया था प्लाटिंग



**लखनऊ।** नगर निगम ने अपनी 30 करोड़ रुपए की जमीन को खाली कराया है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान अंसल बिल्डर पर कार्रवाई की गई। लगातार नोटिस देने के बाद भी नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। गांव भुसुक नगर बगिपापऊ इलाके में यह अभियान चलाया गया। गाटा संख्या 31 में .858 हेक्टेयर में असल बिल्डर द्वारा अधिकांश भाग पर सड़क व सीवर डालकर प्लाटिंग कर की गई है। यह पूरी तरह से अवैध थी। इसको तोड़ने का अभियान चलाया गया। पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में लगातार नगर निगम की जमीन को खाली कराने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में तहसीलदार अरविन्द पांडेय, नायब तहसीलदार नीरज कटियार, राजस्व लेखपाल आदेश शुक्ला , गर निगम लेखपाल अनूप गुप्ता, संदीप यादव, विनोद वर्मा व लालता प्रसाद द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

### 1500 करोड़ रुपए की जमीन खाली कराई गई

नगर आयुक्त ने बताया कि अभियान चलाए जाने के बाद से 1500 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन को खाली कराया गया है। आगे नगर निगम का लक्ष्य 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन खाली कराने का है। अवैध कब्जे की जांच में पता चला है कि बड़ी संख्या में लोगों ने सरकारी जमीन को कब्जा किया है। यहां तक की तालाब तक को कई जगह पाट दिया गया है। उस जगह पर प्लॉटिंग की जा रही है।

# गाजियाबाद में धर्मांतरण की साजिश का पदार्फाश: हिन्दुओं को ईसाई बनाने के लिए अनुष्ठान, पुलिस ने मारा छापा; पीटीआई समेत 5 गिरफ्तार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। एक मकान में कुछ लोगों को हिन्दू से ईसाई धर्म में परिवर्तित करने की कोशिश हो रही थी। ऐसा दावा हिन्दू संगठन ने किया है। धर्म जागरण समन्वय संगठन की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए इंग्राहम स्कूल के पीटीआई सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### हिन्दू संगठन कार्यकताओं को मिली थी सूचना

धर्म जागरण समन्वय गाजियाबाद के महानगर संयोजक नवीन सिंह ने बताया- 23 सितंबर की रात 8 बजे सूचना प्राप्त हुई कि नंदग्राम थाना क्षेत्र के सेवानगर स्थित एक मकान में कुछ लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। इस सूचना पर मैं कार्यकताओं को लेकर वहां पहुंचा। घर के अंदर कुछ ईसाई लोगों द्वारा एक परिवार को बरगलाकर धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा था। क्षेत्र के लोगों ने भी बताया कि यहां धर्मांतरण का कार्य चल रहा था।



### एसीपी बोलीं- पूछताछ में काफी धर्मांतरण की बात उजागर


इस पूरे प्रकरण में सहायक पुलिस आयुक्त पूनम मिश्रा ने बताया- थाना नंदग्राम पर एक तहरीर प्राप्त हुई। इसमें आरोप लगाए गए कि सेवानगर के मकान में धर्मांतरण की प्रक्रिया चल रही है। इस बाबत नंदग्राम थाना पुलिस की टीम और अन्य संबंधित एजेंसी द्वारा व्यापक जांच की गई। जांच में प्रथम दृष्टया ये प्रकरण सही साबित हो रहा है। इसलिए थाना नंदग्राम पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया है, जिसमें इंग्राहम स्कूल के पीटीआई गैराल्ड मैथ्यूज मेसी प्रमुख रूप से हैं। इसके अलावा उनके चार साथियों से भी पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में इनके द्वारा बड़ी संख्या में धर्मांतरण की प्रक्रिया की बात सामने आई है।

### धर्म प्रचार से जुड़ी सामग्री बरामद


हिन्दू संगठन कार्यकताओं की सूचना पर नंदग्राम थाने की पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस को यहां से धर्म प्रचार से जुड़ी सामग्री भी मिली है। इस मामले में नवीन सिंह की तरफ से गैराल्ड मैथ्यूज मेसी सहित चार अज्ञात के खिलाफ नंदग्राम थाने में तहरीर दी है। गैराल्ड मैथ्यूज शहर के इंग्राहम स्कूल में बतौर पीटीआई कार्यरत हैं।

# गाजियाबाद में टाइल्स व्यापारी की गोली मारकर हत्या: हरिद्वार घूमने के बहाने घर से ले गए दोस्त, गाड़ी से उतारकर सिर में मारी गोली

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में टाइल्स व्यापारी की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। तीनों दोस्त हरिद्वार घूमने के बहाने उसको घर से बुलाकर ले गए, फिर ये वारदात कर दी। हत्याकांड के एक आरोपी ने कोर्ट में पुराने मामले में सरेंडर कर दिया, जबकि दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। खुलासा हुआ है कि मुख्य हत्यारोपी से व्यापारी का रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। उसी विवाद में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।



मृतक -ऋषभ



तीनों आरोपी अनुज शर्मा, पुलकित गोयल और मुकुल गुप्ता

### सड़क किनारे मिली लाश, हाथ में था तमंचा

सिहानी गेट थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में मंगलवार सुबह सड़क किनारे एक युवक की लाश पड़ी मिली। मृतक के हाथ में तमंचा था। शुरूआत में पुलिस ने इसे सुसाइड केस माना। जेब में मोबाइल पड़ा मिला। हाथ पर ऋषभ नाम गुदा हुआ था। मृतक की पहचान ऋषभ निवासी पंचवटी के रूप में हुई।

पूछताछ में परिजनों ने पुलिस को बताया- मंगलवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते दुकान बंद रहती है। सोमवार रात को ऋषभ दुकान बंद करके टहलने के लिए बाहर गए थे। उन्होंने पत्नी को फोन करके ये बताया था कि वो अपने तीन दोस्तों के साथ कहीं घूमने के लिए जा रहे हैं।

### हरिद्वार को निकले, मेरठ से वापस मोड़ी गाड़ी

परिजनों से पूछताछ में जिन तीन दोस्तों के नाम सामने आए, उसमें से एक मुकुल गुप्ता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मुकुल गुप्ता से पूछताछ हुई तो उसने सारा घटनाक्रम पुलिस को बताया।

मुकुल के अनुसार- कार को ऋषभ गुप्ता चला रहा था। उसके बराबर में अनुज शर्मा बैठा हुआ था। जबकि पीछे मुकुल गुप्ता और पुलकित गोयल बैठे हुए थे। तय हुआ कि चारों घूमने के लिए हरिद्वार जा रहे हैं। मेरठ के परतापुर पहुंचने पर चारों का मन बदल गया और उन्होंने कार वापस गाजियाबाद की तरफ मोड़ दी। गाजियाबाद में रास्ते में अनुज शर्मा ने अपने घर के बाहर गाड़ी रुकवाई। वो 10 मिनट के लिए घर के अंदर गया और वापस आकर बैठ गया।

### हत्यारोपी का व्यापारी से था पुराना विवाद

डीसीपी राजेश कुमार ने बताया- अनुज शर्मा और ऋषभ गुप्ता पूर्व में बिजनेस पार्टनर थे। बिजनेस में घाटा हो जाने पर दोनों में रुपयों को लेकर विवाद हो गया था। उसी विवाद में अनुज ने ये वारदात की है। अनुज शर्मा के खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट का एक मुकदमा दर्ज था। इस मुकदमे में अनुज ने कोर्ट में मंगलवार को सरेंडर कर दिया है। जबकि शेष दो आरोपियों मुकुल गुप्ता व पुलकित गोयल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद हो चुका है।

### सुसाइड केस बनाने को हाथ में रखा तमंचा

नेहरूनगर में फिर से ये गाड़ी रोकी गई। जैसे ही ऋषभ गुप्ता गाड़ी से नीचे उतरा तो अनुज शर्मा ने तमंचे से उसके सिर में गोली मार दी। मौके पर ही ऋषभ की मौत हो गई। इसके बाद अनुज ने वो तमंचा ऋषभ के हाथ में रख दिया, जिससे ये सुसाइड केस लगे। यहां से सभी आरोपी अपने-अपने घरों को चले गए।

# फार्मासिस्ट दिवस पर संस्कार कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को संस्कार कॉलेज ऑफ फामेर्सी एंड रिसर्च ने फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल के सहयोग से कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। समाज में बेहतर स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में फार्मासिस्टों के योगदान को मान्यता देने के लिए फार्मासिस्ट दिवस हर साल 25 सितंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। संस्कार एजुकेशनल ग्रुप के सभी छात्रों ने किसी भी आपात स्थिति में रक्त की जरूरत वाले लोगों की जान बचाने के लिए रक्तदान करने में सक्रिय रूप से भाग लिया। रक्तदान हृदय संबंधी जोखिम, कैंसर के जोखिम को कम करने, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, नई लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को उत्तेजित करने और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद करता है। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (एन) रोटेरियन अमित गुप्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अजय शर्मा, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ अतुल जैन और पूर्व अध्यक्ष आरएनई डॉ स्वाति गुप्ता रक्तदाताओं को प्रेरित करने के लिए उपस्थित थे। छात्रों को प्रबंधन सदस्यों, मनीषा गुप्ता, लव अग्रवाल, कुश अग्रवाल, निदेशक-फामेर्सी प्रो. (डॉ.) बबीता कुमार, निदेशक-इंजीनियरिंग प्रो. (डॉ.) धर्मेंद्र सिंह, डॉ. पूजा नीमी शर्मा, एआर. कुमार अभिषेक, डॉ. शबनम ऐन, डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. कुर्रतुल ऐन, डॉ. अजीत, डॉ. नवीन राय, अर्जुन नागर और प्रशासनिक अधिकारी आशीष मित्तल द्वारा भी प्रेरित किया गया। इंजीनियरिंग, फामेर्सी, आर्किटेक्चर और मैनेजमेंट के सभी विभागों के 250 से अधिक छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और एक खुश और संपन्न भावना का अनुभव किया। जिसमे लगभग 200 से अधिक रक्त यूनिट रक्तदान में दी गयी।




# नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन: भविष्य का विकल्प पर अतिथि व्याख्यान आयोजित





- नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और उनकी बढ़ती महत्ता के बारे में किया गया जागरूक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 20 सितंबर 2024 को एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ पॉलिटेक्निक के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन: भविष्य का विकल्प विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के डिप्लोमा छात्रों को नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और उनकी बढ़ती महत्ता के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस व्याख्यान को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. विजय कुमार ने संबोधित किया। इसका उद्देश्य छात्रों को भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। कार्यक्रम का समापन स्कूल ऑफ पॉलिटेक्निक के सम्मानित प्राचार्य निखिल निगम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के उप-प्राचार्य संदीप सिंह, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष मंयक अग्रवाल, सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित रहे।

# हिमाचल में फिर बिगड़ेगा मौसम, भारी बारिश का अलर्ट

## राज्य में 23 सड़कें बाधित

**शिमला।** राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से मंगलवार सुबह 10:00 बजे तक 23 सड़कें आवाजाही के लिए बाधित रहीं। इसके अलावा एक पुल व नौ ट्रांसफार्मर भी ठप रहे। हिमाचल प्रदेश में मौसम फिर बिगड़ने के आसार हैं। राज्य के कई भागों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कई भागों में 26 व 27 सितंबर को बारिश होने का पूवार्नुमान है। 26 सितंबर के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। कुछ स्थानों पर 29 सितंबर तक मौसम खराब बना रहने की संभावना है। 30 सितंबर से मौसम फिर साफ रहने के आसार हैं। उधर, राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से मंगलवार सुबह 10:00 बजे तक 23 सड़कें आवाजाही के लिए बाधित रहीं। इसके



अलावा एक पुल व नौ ट्रांसफार्मर भी ठप रहे।

### सितंबर के दौरान गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़े

वहीं प्रदेश में मानसून कमजोर होते ही पारा लगातार चढ़ रहा है। सोमवार को कांगड़ा में पहली बार अधिकतम तापमान सितंबर में 35 डिग्री पहुंचा। इससे पहले सितंबर 2020 में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। राजधानी शिमला में 30 साल बाद अधिकतम तापमान 28 डिग्री दर्ज हुआ। इससे पहले सितंबर 1994 में शिमला में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रहा था। प्रदेश में सितंबर के दौरान गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हिमाचल के 16 स्थानों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से अधिक रहा।

### कहां कितना न्यूनतम तापमान

शिमला में न्यूनतम तापमान 18.0, सुंदरनगर 21.0, भुंतर 19.5, कल्पा 12.0, धर्मशाला 19.9, ऊना 22.6, नाहन 24.1, केलांग 10.2, पालमपुर 18.0, सोलन 20.5, मनाली 15.6, कांगड़ा 20.6, मंडी 22.7, बिलासपुर 23.8, चंबा 20.9, डलहौजी 17.1, कुकुमसेरी 8.6, कसौली 20.1, पांवटा साहिब 26.0, देहरा गोपीपुर 26.0, ताबो 8.9, मशोबरा 18.3 व सैंज में 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### इस मानसून सीजन में सामान्य से 21 फीसदी कम बरसे बादल

इस मानसून सीजन में 24 सितंबर तक सामान्य से 21 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि के लिए 723.1 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 573.7 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज की गई। बिलासपुर में सामान्य बारिश दर्ज हुई। जबकि चंबा में सामान्य से 34, हमीरपुर 31, कांगड़ा 9, किन्नौर 20, कुल्लू 19, लाहौल-स्पीति 69, मंडी 4, सिरमौर 9, सोलन 21 व ऊना में 35 फीसदी कम बारिश हुई। केवल शिमला में ही सामान्य से 15 फीसदी अधिक बारिश दर्ज हुई है।

### कहां कितना अधिकतम पारा

| | |
|---|---|
| बिलासपुर | 37.3 |
| ऊना | 37.0 |
| चंबा | 36.4 |
| धौलाकुआं | 36.0 |
| नेरी | 35.9 |
| ताबो | 35.2 |
| बरठीं | 35.2 |
| कांगड़ा | 35.0 |
| भुंतर | 35.0 |
| सुंदरनगर | 35.1 |
| मंडी | 34.2 |
| सोलन | 32.0 |
| नाहन | 31.1 |
| धर्मशाला | 31.1 |

# सोनीपत में हुड्डा का दावा, बोले- विधायक बनाकर भेजो, सरकार मैं बनाउंगा

**सोनीपत।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाने का दावा किया है। यह दावा हुड्डा ने सोनीपत में किया है। मंगलवार को हुड्डा सोनीपत के गन्नौर हल्के में कांग्रेसी प्रत्याशी कुलदीप शर्मा के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता प्रचार के दौरान अपने दावे लोगों के सामने पेश कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इस बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और जो भी वादे और दावे लोगों से किए जा रहे हैं उन्हें पूरा किया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोनीपत के गन्नौर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग कांग्रेस के विधायक बनाकर भेजो, आप लोगों की सरकार मैं बना दूंगा। उन्होंने कहा कि मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है। ऐसे में वोट



काटने वाले प्रत्याशी से बचना होगा। भाजपा ने खेल में नहीं फंसना है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा मंगलवार को सोनीपत के गन्नौर हलके के गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप शर्मा के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। उन्होंने गन्नौर हलके के गांव जाहरी, पांची, पुरखास, कैलाना, बजाना, पुगथला, खूबडू व गुमड़ में लोगों को संबोधित किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अब जनता कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। 36 बिरादरी के लोग चाहते हैं कि इस बार कांग्रेस सरकार लानी है। हुड्डा ने कहा कि मेरे कार्यकाल में जब प्रदेश विकास और रोजगार देने में नंबर एक होता था। आज प्रदेश लगातार पिछड़ रहा है। लोग चाहते हैं कि अब फिर से प्रदेश में विकास की लहर चले। इसलिए इस बार कांग्रेस की सरकार बनना तय है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 25 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







**कहानी आने वाले समय में और भी रोचक होगी। इसलिए पढ़ते रहिए अपना पसंदीदा नंबर वन अखबार दैनिक करंट क्राइम। पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त....!**

नोट : दैनिक करंट कॉमिक की ये सीरीज पूरी तरह से हमारी कल्पना पर आधारित है। पोलिटिकल किरदारों के साथ लिए गए शब्द हमारी काल्पनिकता के आधार पर लिखे गए हैं।

# सीएम योगी के खान-पान की वस्तुओं में मिलावट करने वालों पर एक्शन के निर्देश



## लोनी विधायक नंदकिशोर ने किया आदेश का स्वागत
## कहा मुख्यमंत्री का यह फैसला मील का पत्थर होगा साबित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खानपान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट या गंदगी की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में सीएम ने प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट और संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच कर वेरिफिकेशन के भी निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुरक्षित करने के नियमों में आवश्यकता अनुसार संशोधन किए जाने का भी हवाला दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जूस, दाल और रोटी जैसे खान-पान की वस्तुओं में मिलावट की घटना क्षमा करने योग नहीं है। ऐसी हरकतों को कतई स्वीकार न किया जाए।

प्रदेश में ऐसी घटना ना हो, इसके लिए ठोस प्रबंध हो। मुख्यमंत्री के इस फैसले का लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने स्वागत करते हुए कहा है कि कैबिनेट द्वारा जो जन-जन को ध्यान में रखते हुए फैसला लिया गया है, यह मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक धर्म को खंडित होने से बचाया है, यह एक बड़ा ही फैसला है।

## विधायक लोनी ने कहा ढाबों और रेस्टोरेंट की होनी चाहिए जांच



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बयान और वीडियो जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि ऐसे ढाबे और रेस्टोरेंट जहां खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की आवश्यकता है, वहां कार्रवाई हो। सभी कर्मचारियों का सत्यापन कराया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के साथ ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी संयुक्त रूप से यह कार्रवाई शीघ्रता से करेगा। साथ ही खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालन, प्रोपराइटर, मैनेजर के नाम और पता डिस्प्ले किए जाने चाहिए। ढाबों, होटल और रेस्टोरेंट आदि प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी की व्यवस्था भी अवश्य की जानी चाहिए।

**खान-पान के प्रतिष्ठानों पर संचालन, प्रोपराइटर, मैनेजर के नाम और पता डिस्प्ले किए जाने चाहिए : विधायक**

## संपादकीय

# कोई लूपहोल न रहे

सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पॉर्नोग्रफी पर मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए इसे गंभीर अपराध माना है। कोर्ट ने संसद को 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' शब्द का उपयोग करने का सुझाव दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के विडियो डाउनलोड करना, देखना और रिपोर्ट न करना अपराध है। चाइल्ड पॉर्नोग्रफी पर सोमवार को सुनाए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अगर खुद मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने ऐतिहासिक बताया है तो यह बेवजह नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने न केवल मद्रास हाईकोर्ट के संबंधित फैसले को पलट दिया बल्कि इस अपराध से जुड़े अलग-अलग पहलुओं पर बड़ी बारीकी से और उतने ही विस्तार से चर्चा की। यही नहीं, इस अपराध को देखे जाने के प्रचलित नजरिए में गंभीर संशोधन की जरूरत बताते हुए कोर्ट ने संसद को यह सुझाव भी दिया कि चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के बदले 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' का इस्तेमाल किया जाए।

**ढीला-ढाला रवैया :** इस अपराध को लेकर समाज के एक हिस्से में किस तरह का ढीला-ढाला रवैया अपनाया जाता है इसका कुछ अंदाजा मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले से भी होता है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया। हाईकोर्ट ने 28 साल के व्यक्ति के खिलाफ दर्ज क्रिमिनल केस को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि चाइल्ड पॉर्नोग्रफी के विडियो डाउनलोड करना या देखना अपने आप में अपराध नहीं। कोर्ट का यह भी कहना था कि आजकल बच्चों में पॉर्न देखना एक बड़ा मसला है और इन्हें दंडित करने के बजाय शिक्षित करने की जरूरत है।

# भारत वित्त मंत्री सीतारमण की यात्रा के दौरान उज्बेकिस्तान के साथ करेगा द्विपक्षीय निवेश संधि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 24-28 सितंबर को मध्य एशियाई देश उज्बेकिस्तान का दौरा करेंगी। इस दौरान वह एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के गवर्नर मंडल की नौंवी वार्षिक बैठक में भाग लेंगी। साथ ही इस आधिकारिक यात्रा में दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक, वित्त मंत्री सीतारमण की ओर से विदेश यात्रा के दौरान उज्बेकिस्तान, कतर, चीन और एआईआईबी के अध्यक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक की जाएगी। वित्त मंत्री इस मीटिंग में एआईआईबी में भारत के गवर्नर के तौर पर हिस्सा लेंगी।



भारत एआईआईबी का दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। इस बैठक में बहुपक्षीय चचाएं विकास एजेंडे से संबंधित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर केंद्रित होंगी। आधिकारिक यात्रा के हिस्से के रूप में, केंद्रीय वित्त मंत्री के उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति महामहिम शौकत मिर्जियोयेव से मुलाकात करने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान, केंद्रीय वित्त मंत्री भारत और उज्बेकिस्तान के बीच एक द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर करेंगी। बीआईटी पर केंद्रीय वित्त मंत्री और उज्बेकिस्तान के निवेश, उद्योग और व्यापार मंत्री द्वारा हस्ताक्षर किए जायेंगे। इस संधि का उद्देश्य दीर्घकालिक आधार पर दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए अधिक व्यापक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। साथ ही केंद्रीय वित्त मंत्री भारत-उज्बेकिस्तान के बिजनेस फोरम में हिस्सा लेंगी। इसमें दोनों देशों के इंडस्ट्री लीडर्स भाग लेंगे।

इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री समरकंद स्टेट यूनिवर्सिटी और ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री स्मारक भी जाएंगी। एआईआईबी की वार्षिक बैठक में 80 से ज्यादा देशों के साथ कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भाग ले रही हैं। एआईआईबी एक बहुपक्षीय बैंक है। इसका फोकस स्थायी बुनियादी ढांचे का विकास और तेज आर्थिक विकास, धन सृजित, बुनियादी ढांचे में सुधार और कनेक्टिविटी के लिए उत्पादक सेक्टर्स और बुनियादी ढांचे में निवेश को प्रोत्साहित करना है।


## शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई लगाने के बाद सपाट बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार के कारोबारी सत्र में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सत्र की शुरूआत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने 85,163 और निफ्टी ने 26,011 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया, लेकिन ऊपरी स्तर पर बाजार टिक नहीं सका। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 14 अंक की मामूली गिरावट के साथ 84,914 और निफ्टी एक अंक की बढ़त के साथ 25,940 पर था। सत्र के दौरान बैंकिंग शेयरों में बिकवाली हुई। निफ्टी बैंक 137 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,968 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एमएंडएम, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, टीसीएस और एलएंडटी टॉप गेनर्स थे।

## SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये एक प्यारा इत्तेफाक है जब एक ही तारीख को एक मां अपने बेटे को जन्मदिन पर बधाई आशीर्वाद देगी और बेटा अपनी मम्मी को हैप्पी बर्थडे बोलेगा। एक दादी अपने प्रिय लाडले पौत्र को ढेरों आशीर्वाद शुभाशीष देते हुए अपनी बहू को भी जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं आशीर्वाद देगीं। ये प्यारा इत्तेफाक छाया गुप्ता के प्यारे से परिवार में है। आज उनकी प्यारी बहू पूजा गुप्ता और लाडले पौत्र इशू गुप्ता का जन्मदिन है। आज अंकुर गुप्ता के लिए भी डबल बधाई का दिन है। आज उनकी पत्नी और उनके बेटे का हैप्पी बर्थडे है। पूजा और इशू के जन्मदिन पर मम्मी और दादी छाया गुप्ता की तरफ से ढेरो शुभकामनाए आशीर्वाद

## अदाणी एनर्जी और अदाणी ग्रीन यूटिलिटी ऑफ नेट जीरो अलायंस में शामिल हुए



**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) मंगलवार को यूटिलिटी ऑफ नेट जीरो अलायंस (यूएनईजेडए) में शामिल हुए। इससे रिन्यूएबल एनर्जी को अपनाने में मदद मिलेगी और भारत के नेट जीरो लक्ष्य को पाने में मदद होगी। रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में एजीईएल और ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में एईएसएल अपने सेगमेंट में इस ग्लोबल अलायंस से जुड़ने वाली पहली कंपनियां हैं। एजीईएल का फोकस स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने और ऊर्जा को किफायती बनाने पर और एईएसएल की ओर से ग्रीन एनर्जी के ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन पर फोकस किया जा रहा है, जिससे एक भरोसेमंद ग्रिड बनाई जा सके। एजीईएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सागर अदाणी ने कहा कि यूटिलिटी फॉर नेट जीरो अलायंस के साथ जुड़कर हमें स्थिरता लक्ष्यों को आगे बढ़ाने, इनोवेशन को बढ़ाने और स्वच्छ ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए वैश्विक समकक्षों के साथ साझेदारी का अवसर मिला है। सागर अदाणी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी होने के नाते हम 2030 तक 50 गीगावाट के लक्ष्य और उस वर्ष तक भारत में गैर-जीवाश्म ईंधन से पैदा होने वाले ऊर्जा में 10 प्रतिशत का योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यूएनईजेडए को सीओपी28 में यूएई डिक्लेरेशन के तहत स्थापित किया गया था। इस साझेदारी में वैश्विक यूटिलटी और पावर कंपनियों को एक छत के नीचे लाया गया है। इसका उद्देश्य रिन्यूएबल एनर्जी के तैयारी ग्रिड का विकास करना, स्वच्छ ऊर्जा सॉल्यूशंस को प्रोत्साहित करना और विद्युतीकरण के प्रयासों को बढ़ाना है।

## कुछ यूँ शुरू हुई श्राद्ध की परंपरा

प्रस्तुति करंट क्राइम

डॉ मंजु सैनी
गाजियाबाद



हिंदू धर्म में पितृपक्ष यानी श्राद्ध पक्ष का बहुत महत्व है। इन दिनों पितरों को याद किया जाता है और उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। बहुत ही कम लोगों को पता होगा कि दुनिया में सबसे पहले श्राद्ध किसने किया था। महाभारत काल में श्राद्ध के बारे में पता चलता है, जिसमें भीष्म पितामाह ने युधिष्ठिर को श्राद्ध के संबंध में कई बाते बताई हैं। साथ ही यह भी बताया गया है कि श्राद्ध की परंपरा कैसे शुरू हुई और धीरे-धीरे जनमानस तक कैसे यह परंपरा शुरू हुई।

महाभारत के अनुसार, सबसे पहले महातप्सवी अत्रि ने महर्षि निमि को श्राद्ध के बारे में उपदेश दिया था। इसके बाद महर्षि निमि ने श्राद्ध करना शुरू कर दिया। महर्षि को देखकर अन्य श्रृषि मुनियों ने पितरों को अन्न देने लगे। लगातार श्राद्ध का भोजन करते-करते देवता और पितर पूर्ण तृप्त हो गए।लगातार श्राद्ध को भोजन पाने से देवताओं पितरों को अजीर्ण रोग हो गया और इससे उन्हें परेशानी होने लगी। इस परेशानी से निजात पाने के लिए वे ब्रह्माजी के पास गए और अपने कष्ट के बारे में बताया। देवताओं और पितरों की बातें सुनकर उन्होंने बताया कि अग्निदेव आपका कल्याण करेंगे।

शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि हवन में जो पितरों को निमित्त पिंडदान दिया जाता, उसे ब्रह्मराक्षस भी दूषित नहीं करते। इसलिए श्राद्ध में अग्निदेव को देखकर राक्षस भी वहां से चले जाते हैं। अग्नि हर चीज को पवित्र कर देती है। पवित्र खाना मिलने से देवता और पितर प्रसन्न हो जाते हैं। अग्निदेव ने देवातओं और पितरों को कहा कि अब से श्राद्ध में हम सभी साथ में भोजन किया करेंगे। मेरे पास रहने से आपका अजीर्ण भी दूर हो जाएगा। यह सुनकर प्रसन्न हो गए। इसके बाद से ही सबसे पहले श्राद्ध का भोजन पहले अग्निदेव को दिया जाता है, उसके बाद ही देवताओं और पितरों को दिया जाता है। पिंडदान सबसे पहले पिता को, उनके बाद दादा को और उनके बाद परदादा को देना चाहिए। शास्त्रों में यही श्राद्ध की विधि बताई गई है। जिसका भी पिंडदान आप दे रहे हैं, उस समय एकाग्रचित्त होकर गायत्री मंत्र का जप तथा सोमाय पितृमते स्वाहा का जप करें।

महाभारत के अनुसार, श्राद्ध में तीन पिंडों का विधान है। पहले पिंड जल में दें, दूसरा पिंड को पत्नी गुरुजनों को दें और तीसरा पिंड अग्नि को दें। इससे मनुष्य की समी कामनाएं पूर्ण होती हैं। पितृ पक्ष यानी श्राद्ध पक्ष हर साल भाद्रपद की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से लेकर अश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या तक रहते हैं। पितृ पक्ष के दिनों पितरों को याद कर श्राद्ध कर्म और पूजा-पाठ किया जाता है। पितृपक्ष के समय परलोक गई आत्मा धरती पर लौटकर आती है इसलिए लोग शुभ काम और खरीदारी नहीं करते हैं क्योंकि यह समय शोकाकुल होता है। जबकि शास्त्रों और पुराणों में कहीं भी जिक्र नहीं है कि पितृ पक्ष का समय अशुभ होता है, यह केवल आम धारणा बनी हुई है। फिर भी १५ दिनों तक चलने वाले इन दिनों में ज्यादातर यही परम्परा मान्य हैं कि कोई भी खरीदारी नही की जाती।

श्राद्ध पक्ष में पितर पृथ्वी पर अपने परिवार के यहां आते हैं और उनको सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। प्राचीन काल से ही पितृ पक्ष को लोक-परलोक और आत्मा-परमात्मा के बीच संतुलन बनाने के समय के रूप में जाना जाता था। पितृ पक्ष में अगर कोई नया काम शुरू करते हैं या खरीदारी करते हैं तो इससे पितर नाराज नहीं होते और न किसी चीज में प्रेत का अंश होता है। बल्कि इससे वह खुश होते हैं कि उनके परिवार वाले तरक्की कर रहे हैं। परेशानी केवल तब आती है कि इन भौतिक साधनों के पीछे पितरों का ध्यान और उनका आदर करना छोड़ देते हैं। कुछ भी खरीदते समय अपने पितरों का धन्यवाद जरूर करें।

आओ आज श्राद्ध मनाएंगे
अपने पुरखों को तृप्ति दिलाएंगे
उन तक अपना नेह पहुचायेंगे
आशीष सदा बना रहे आशीष पाएंगे।

## राशिफल

**मेष :** पार्टनर के साथ खुशी के पल बिताने वाले हैं। गर्लफ्रेंड के साथ रोमांटिक ट्रिप पर जा सकते हैं। आप अपने जीवन साथी को कोई अच्छा तोहफा दे सकते हैं।

**वृष :** सुंदर जीवनसाथी की मनोकामना आज पूरी होने की संभावना है। विवाह स्थलों पर एक नजर डालें। एक दोस्त भी रिश्ता ला सकता है।

**मिथुन :** पार्टनर से विवाद हो सकता है। पारिवारिक जीवन में पत्नी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। प्रेमी की आर्थिक मदद कर सकते हैं।

**कर्क :** प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। कोई पुराना दोस्त किसी रिश्ते को शादी के लिए भेज सकता है। प्रेमी से आज की मुलाकात सुखद रहेगी।

**सिंह :** पार्टनर के साथ चल रहा विवाद खत्म होने वाला है। आप आपसी बातचीत से प्रेमी को अपने वश में कर सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में सुख की दाता पत्नी होती है।

**कन्या :** पार्टनर के साथ चल रहा विवाद खत्म होने वाला है। बातचीत से प्रेमी को अपने वश में कर सकते हैं। वे रिश्ते में गर्माहट लाने के लिए कड़ी मेहनत करने जा रहे हैं।

**तुला :** पार्टनर के साथ गलतफहमी का शिकार हो सकता है। जीवनसाथी मानसिक सुख प्रदान करने वाला है। प्रेम जीवन में कोई दखल दे सकता है।

**वृश्चिक :** शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। आज आप अपने प्रेमी से दिल की बात करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी।

**धनु :** अपने पार्टनर को ढेर सारी खुशियां देने वाले हैं। लव लाइफ के लिए नए संबंध स्थापित हो सकते हैं। आज लोग जो भी नया रिश्ता बनाते हैं, वह लंबे समय तक चलेगा।

**मकर :** आप किसी सहकर्मी की ओर आकर्षित होंगे। प्रेमी के साथ सैर-सपाटे का कार्यक्रम बन सकता है। दोस्त के साथ रोमांटिक पल बिताएंगे।

**कुंभ :** आज परिवार की जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। प्रेमी से मिलने का विचार मन में आएगा। गर्लफ्रेंड के साथ तस्वीर देखने जा सकते हैं।

**मीन :** जीवनसाथी के साथ दिन बिताएंगे। किसी महिला से कुछ लोगों की नजदीकियां बढ़ेंगी। पति-पत्नी के संबंधों में मधुरता आएगी।

## चुटकुले

टीचर- गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
छात्र- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...

---

शादी के लिए लड़की देखने लड़के वाले आए थे,
लड़के वाले- हमें लड़की पसंद नहीं आई
लड़की वाले- पसंद तो हमें भी नहीं है, अब क्या करें घर से निकाल दें?

---

चिंटू : सर बहुत बारिश हो रही है, क्या आज ऑफिस आना है?
बॉस : खुद ही सोच लो किससे दिनभर बेइज्जती करानी है
पत्नी से या मुझसे ?
चिंटू : ठीक है सर मैं ऑफिस आ रहा हूं...

## रोचक तथ्यों का करंट

- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है।
- कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।
- आकाश में यदि सूर्य कम ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष ऊंचाई पर बनता है और यदि आकाश में सूर्य अधिक ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष काफी नीचे बनता है।
- इंद्रधनुष ने प्राचीन मिथकों में योगदान दिया है। ग्रीक लोगों का मानना? था कि इंद्रधनुष ने स्वर्ग और पृथ्वी के बीच एक पुल प्रदान किया था।
- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।
- इंद्रधनुष न केवल बारिश में देखा जा सकता है बल्कि धुंध, स्प्रे, कोहरे और ओस में भी देखा जा सकता है, जब भी हवा में पानी गिरता है और दाएं कोण पर पीछे से चमकता हुआ प्रकाश होता है।
- अधिकांश इंद्रधनुष प्राथमिक इंद्रधनुष होते हैं, बाहरी किनारे पर लाल और भीतरी किनारे पर बैंगनी।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

## 25 09 2024 करंट क्राइम

# आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



दिव्या दत्ता
अभिनेत्री



वेदा त्यागी, प्रज्ञा, हुरैन अंसारी, अविका, वेदांत शर्मा, ईशना गुप्ता, हिमांक गोयल, दिवेश शर्मा, दिव्यांश कक्कर



नीलम त्यागी, आरूषी, पूजा गुप्ता, मनीषा शिखर, सुधा त्यागी, नीरा जैन, शान्ति, अरविंद यादव



मनोज शिशौदिया, अजय सिंघल, अशोक सिमर, राजीव कैन, राजकुमार चौधरी, सुबरन भटटाचार्य, सुरजीत कुमार, सुरेश कुमार



महेश गुर्जर, राजेश कुमार गौतम, राजा जायसवाल, साहिल, विरेन्द्र शर्मा, अदनान खान, रिंकू कुमार, नवीन यादव, मंजूर खान, रईस पहलवान

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# क्रिकेट : 92 साल में पहली बार भारत जीत के शिखर पर

**फॉर्मेट चाहे कोई भी हो टीम इंडिया का परचम बुलंद है।**



**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम इन दिनों शिखर पर है। फॉर्मेट चाहे कोई भी हो टीम इंडिया का परचम बुलंद है। बीते कुछ महीनों में वनडे विश्व कप उप-विजेता और टी20 विश्व कप चैंपियन बनने के बाद अब 'मैन इन ब्लू' टेस्ट क्रिकेट में भी छा गई है। चेपॉक में बांग्लादेश को धूल चटाने वाली रोहित ब्रिगेड ने 92 वर्षों के बाद एक बेहद खास रिकॉर्ड अपने नाम किया, जिससे टीम ऑल-फॉर्मेट में दमदार लय में नजर आ रही है।

दो टेस्ट मैचों की सीरीज में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट में 280 रन से हराया। इस मैच में जीत हासिल करने के बाद भारत ने इतिहास रच दिया। 580 मैचों और 92 वर्षों के बाद टीम इंडिया ने पहली बार टेस्ट क्रिकेट में हारने वाले मैच से ज्यादा जीतने वाले टेस्ट मैच का रिकॉर्ड बनाया है। भारत ने अब टेस्ट मैचों में 179 मैच जीते हैं और 178 मैच हारे हैं। यह भारत के टेस्ट इतिहास में पहला मौका है जब उनका जीत का आंकड़ा हार से अधिक हुआ है। भारत अब उन पांच टीम में शामिल है, जिनका पुरुष टेस्ट में जीत-हार का पॉजिटिव रिकॉर्ड है।

**टेस्ट क्रिकेट में हार से ज्यादा जीत हासिल करने वाली ये है पांच टीमें:** ऑस्ट्रेलिया (कुल मैच 866): 414 जीत और 232 हार, इंग्लैंड (कुल मैच 1077): 397 जीत और 325 हार, दक्षिण अफ्रीका (कुल मैच 466): 179 जीत और 161 हार, भारत (कुल मैच 580): 179 जीत और 178 हार, पाकिस्तान (कुल मैच 458): 148 जीत और 144 हार।

भारतीय क्रिकेट टीम ने 1932 में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। उसके बाद से अब तक भारत ने कुल 580 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उसे 179 टेस्ट मैच में जीत मिली है, जबकि 178 टेस्ट मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। 222 मैच ड्रॉ रहे हैं और एक मैच टाई रहा है। इस तरह भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में पहली बार अपने हारे हुए मैचों से ज्यादा संख्या में टेस्ट मैच जीते हैं।

# 'हमें पंत को शांत रखना होगा': पैट कमिंस





**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की खेल को संभालने की क्षमता को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने कहा कि उनकी टीम को आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 26 वर्षीय बल्लेबाज को शांत रखने की जरूरत है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से शुरू होगी। इस सीरीज में भारत और ऑस्ट्रेलिया 22 नवंबर से 7 जनवरी, 2025 तक पर्थ, एडिलेड (गुलाबी गेंद का मैच), ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में खेलेंगे।

भारत पिछले चार लगातार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब बरकरार रखने में सक्षम रहा, जिसमें 2018-19 और 2020-21 में उनकी प्रसिद्ध सीरीज जीत शामिल है, जहां पंत ने गाबा में नाबाद 89 रनों की शानदार पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया के 32 साल के अपराजित क्रम को उनके गढ़ में समाप्त करते हुए शानदार जीत हासिल की।

दिसंबर 2022 में एक घातक कार दुर्घटना के कारण 637 दिनों के लंबे इंतजार के बाद, पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी की, दूसरी पारी में 109 रन बनाए, जिससे भारत को चेन्नई में 280 रनों की जीत हासिल करने में मदद मिली।

कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ह्लदेखिए, मुझे लगता है कि हर टीम में एक या दो ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो खेल को आगे बढ़ा सकते हैं। आप जानते हैं, हमारे पास ट्रैविस हेड और मिच मार्श जैसे खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि इन खिलाड़ियों के साथ, आप जानते हैं कि वे आक्रामक होने जा रहे हैं। यदि आप अपने क्षेत्र में थोड़ा भी चूक जाते हैं, तो वे खेल को अपने कब्जे में ले लेंगे। ऋषभ जैसा कोई खिलाड़ी, वह रिवर्स लैप खेल सकता है और यह एक अविश्वसनीय शॉट है और यह उसकी शख्सियत का हिस्सा है।"

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आजकल हम इसके थोड़े अधिक आदी हो गए हैं जब कुछ हास्यास्पद शॉट थोड़े अधिक आम हो गए हैं। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने कुछ श्रृंखलाओं पर बड़ा प्रभाव डाला है और हमें उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी।"

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो बार 2018/19 और 2020/21 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी।

इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया ने 2014-15 के बाद से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला नहीं जीती है, जब उन्होंने घरेलू धरती पर 2-0 से जीत हासिल की थी।



# कानपुर में कम उछाल के लिए रहिए तैयार

**कानपुर।** कानपुर में 27 सितंबर से शुरू होने वाले भारत बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट की पिच के बारे में संक्षेप में कहा जाए तो यह रैंक टर्नर नहीं होगी। चेन्नई की लाल मिट्टी के बजाय यहां काली मिट्टी होगी, उछाल भी ज्यादा नहीं होगी और गेंद भी अधिक कैरी नहीं करेगी।

ऐसा अनुमान है कि चेन्नई में सतह से मिली उछाल की तुलना में ग्रीन पार्क की पिच अधिक सपाट होगी और टेस्ट के आगे बढ़ने के साथ ही उछाल भी कम होती चली जाएगी। चेन्नई की लाल मिट्टी वाली पिच पर नियमित उछाल देखने को मिली थी और इसी वजह से दोनों टीमें तीन तेज गेंदबाजों और दो स्पिनर के साथ मैदान में उतरी थीं। भले ही पिच पर अधिक टर्न नहीं मिल रही थी लेकिन स्पिनर्स के लिए उछाल पर्याप्त थी। रवींद्र जडेजा और आर अश्विन ने इसकी मिसाल भी पेश की और बांग्लादेश की दूसरी पारी में दोनों ने मिलकर नौ विकेट चटकाए।

कानपुर की पिच के धीमा होने की संभावना को देखते हुए दोनों टीमें अपनी रणनीति और चयन में बदलाव ला सकती हैं। तीसरे तेज गेंदबाज की जगह एक अतिरिक्त स्पिनर ले सकता है। भारतीय टीम में कुलदीप यादव या अक्षर पटेल में से किसी एक की जगह बन सकती है।

सोमवार को चेन्नई में बांग्लादेश के चयनकर्ता हन्नान सरकार ने शाकिब अल हसन की चोट के बारे में संशय की स्थिति होने के संकेत दिए। चेन्नई टेस्ट के चौथे दिन बल्लेबाजी के दौरान पहले से ही चोटिल बाएं हाथ की उनकी उंगली में चोट लग गई। अगर शाकिब ऑलराउंडर के रूप में खेलते भी हैं तब भी बांग्लादेश अपने एकादश में बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम को नाहिद राणा की जगह शामिल कर सकता है। मेहमान टीम के पास ऑफ स्पिनर नईम हसन के रूप में भी एक विकल्प मौजूद है, हालांकि उनकी जगह तभी बन सकती है अगर शाकिब मैच के लिए अनुपलब्ध हों।

भारत ने पिछली बार कानपुर में 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ जब टेस्ट खेला था तब भारतीय टीम अश्विन, जडेजा और अक्षर की स्पिन तिकड़ी के साथ मैदान में उतरी थी। तब 2016 के बाद पहली बार इस वेन्यू पर कोई टेस्ट मैच खेला गया था। 2016 में भारतीय टीम ने आसानी से जीत हासिल कर ली थी लेकिन 2021 में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मैच ड्रॉ कराने में सफल हो गए थे।

गेंदबाजों को इस पिच पर मशक्कत करनी पड़ सकती है लेकिन पिच से अगर गेंदबाजों को अधिक मदद न मिले तब ऐसी स्थिति में बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर खड़ा करने में अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ सकता है।

# 'बांग्लादेश लौटने पर शाकिब को कोई दिक्कत नहीं होगी'



**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को विश्वास है कि शाकिब अल हसन को बांग्लादेश लौटने पर कोई दिक्कत नहीं होगी। अवामी लीग सरकार के तख्तापलट के बाद पहली बार वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने होने वाली सीरीज में खेलेंगे।

पिछले महीने ढाका में मर्डर केस में शामिल 147 लोगों में शाकिब का नाम भी शामिल था। वह इस साल जनवरी में सांसद बने थे। जब पांच अगस्त को देश भर में हुए प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया तब शाकिब कनाडा में ग्लोबल टी20 लीग खेल रहे थे। इसके बाद वह टेस्ट सीरीज खेलने पाकिस्तान गए और बाद में सरे के लिए काउंटी क्रिकेट खेले और फिलहाल भारत के खिलाफ भारत में टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। बांग्लादेश में हुए प्रदर्शनों के समय और बाद से वह बांग्लादेश में नहीं थे। यह केस मोहम्मद रूबेल की मौत से जुड़ा है, जो 5 अगस्त को हुए प्रदर्शन में जल गए थे और दो दिन बाद उनकी मृत्यु हो गई थी।

बीसीबी के क्रिकेट ऑपरेशंस से जुड़े शहरियार नफीस ने सोमवार को कहा कि देश की सरकार ने यह पुष्टि की है कि शाकिब को तंग नहीं किया जाएगा। नफीस ने कहा, मुझे लगता है कि आदरणनीय प्रमुख सलाहकार, कानून सलाहकार और खेल सलाहकार ने शाकिब के बारे में सब कुछ साफ-साफ कहा है। बांग्लादेश की सरकार की ओर से साफ संदेश है कि जो भी केस दायर किए गए हैं, उसमें किसी को भी गलत तरीके.से तंग नहीं किया जाएगा। हमें विश्वास है कि अंतरिम सरकार ने शाकिब पर अपनी राय साफ कर दी है। जब तक कोई चोट की दिक्कत नहीं होती है या चयन दिक्कत नहीं होती है, तो मुझे निजी तौर पर लगता है कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि शाकिब अल हसन को बांग्लादेश में घरेलू सीरीज नहीं खेलनी चाहिए।

पिछले महीने बांग्लादेश के कानूनी सलाहकार आसिफ नाजरुल ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि शाकिब को केस के संबंध में गिरफ़्तार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा था, शाकिब के खिलाफ एक ही केस है। मुझे उम्मीद है कि उन्हें गिरफ़्तार नहीं किया जाएगा। मुझे पता चला है कि पुलिस बलों को कुछ अविश्वसनीय घटित होने की स्थिति में यथासंभव संयम बरतने के लिए कहा गया है।

मामले में नाम आने की खबर सामने आने के तुरंत बाद, शाकिब को उनके बांग्लादेश टीम के साथियों से समर्थन मिला, जिन्होंने अपने-अपने सोशल-मीडिया अकाउंट पर संदेश पोस्ट किए थे। लेकिन जुलाई और अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के दौरान उनकी चुप्पी की भी आलोचना हुई।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले चोटिल फर्नांडो टीम से बाहर

**गॉल।** टेस्ट क्रिकेट में लगातार बड़ा उलटफेर कर रही श्रीलंकाई टीम एक बार फिर खिलाड़ियों के चोटों से परेशान नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो चोटिल होने के कारण बाहर हो गए हैं और उनकी जगह ऑफ स्पिनर निशान पीरिस को टीम में शामिल किया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने मंगलवार को यह घोषणा की।



फर्नांडो को अभ्यास के दौरान दाहिने हैमस्ट्रिंग में जकड़न महसूस हुई और उन्हें रिहैब के लिए हाई परफॉर्मेंस सेंटर भेज दिया गया है।

श्रीलंका क्रिकेट ने मंगलवार को जारी बयान में बताया, ₹विश्वा फर्नांडो को अभ्यास के दौरान दाएं हैमस्ट्रिंग में जकड़न हो गई थी, इसलिए उन्हें रिहैब के लिए हाई परफॉर्मेंस सेंटर भेज दिया गया है। उनकी जगह 27 वर्षीय दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर निशान पीरिस को टीम में शामिल किया गया है।₹

फर्नांडो, जिन्होंने अपने अंतिम टेस्ट मैच में 86 रन देकर 5 विकेट लिए थे। इसलिए यह श्रीलंका के लिए एक बड़ा झटका होगा, लेकिन टीम को 27 वर्षीय निशान से काफी उम्मीदें हैं।

ऑफ स्पिनर श्रीलंका के बांग्लादेश दौरे के दौरान टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है। इस गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में अपनी क्षमता साबित की है।

# आईपीएल से ज्यादा महत्वपूर्ण है घरेलू क्रिकेट: धवल कुलकर्णी



**जोधपुर।** फ्रेंचाइजी और टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बीच घरेलू और टेस्ट क्रिकेट से क्रिकेटरों समेत फैंस का ध्यान भी हटने लगा है। युवाओं में आईपीएल खेलने के बढ़ते चलन के बीच पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने कहा कि अगर अंतिम लक्ष्य देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना है, तो घरेलू क्रिकेट खेलना अधिक महत्वपूर्ण है।

घरेलू क्रिकेट में 18 साल खेलने के बाद पिछले सत्र में संन्यास की घोषणा करने वाले कुलकर्णी ने कहा कि घरेलू लाल गेंद प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं है।

मुंबई के पूर्व तेज गेंदबाज ने आईएएनएस से कहा, 100 फीसदी, जब आप घरेलू क्रिकेट खेलते हैं तो आपको आईपीएल में खेलने का मौका मिलता है। अगर आप भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, तो घरेलू क्रिकेट खेलना बहुत जरूरी है। मुंबई क्रिकेट में, जब भी कोई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी फ्री होता है तो वह घरेलू क्रिकेट में खेलता है क्योंकि हमने वह मानक तय किया है। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा, इस बीच, आईपीएल भी महत्वपूर्ण है लेकिन मैं घरेलू क्रिकेट को अधिक महत्व देता हूं। टेस्ट खेलने के लिए घरेलू क्रिकेट के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

घरेलू क्रिकेट का यह दिग्गज खिलाड़ी अपने करियर और उपलब्धियों से खुश है, जिसमें मुंबई के साथ पांच रणजी ट्रॉफी खिताबी जीत शामिल हैं।

कुलकर्णी ने कहा, मैंने पिछले सीजन में ही संन्यास लेने की योजना बना ली थी। मुझे नहीं लगता कि बहुत से तेज गेंदबाजों ने 18 साल तक घरेलू क्रिकेट खेला है। यह बहुत अच्छा समय था और कई युवा तेज गेंदबाज मुंबई की टीम में आ रहे थे, लेकिन मेरी वजह से उन्हें मौका नहीं मिल रहा था। मुझे लगा कि यह उनके लिए टीम में आने और अच्छा प्रदर्शन करने का सही समय है।

# भारत-बांग्लादेश टेस्ट की सुरक्षा का मास्टर प्लान

## सवा लाख दर्शक; 3 लेयर में कड़ी सुरक्षा, कानपुर में 3 बार ट्रेन को उड़ाने की साजिश



**कानपुर।** कानपुर में बीते 40 दिन में 3 बार ट्रेन को उड़ाने की साजिश और इसी बीच ग्रीनपार्क स्टेडियम में पांच दिवसीय भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच को लेकर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। टेस्ट मैच में करीब सवा लाख दर्शकों का मूवमेंट रहेगा। ग्रीनपार्क और होटल लैंडमार्क की थ्री लेयर सिक्योरिटी प्लान तैयार किया गया गया है।

दोनों ही जगहों पर जमीन पर पुलिस, पीएसी और आरएफ का चप्पे-चप्पे पर कड़ा पहरा रहेगा। इसके साथ ही ड्रोन से निगरानी और स्टेडियम के चौतरफा रूफ टॉप सिक्योरिटी का खाका खींचा गया है।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में 5 दिवसीय टेस्ट मैच है और होटल लैंडमार्क में खिलाड़ी ठहरे हुए हैं। 25 हजार की दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम में करीब सवा लाख दर्शक पहुंचेंगे। इसके देखते हुए कानपुर पुलिस कमिश्नरेट ने कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया है।

माउंटेन पुलिस से लेकर सुरक्षा एजेंसी (एटीएस) की टीम को भी होटल से लेकर ग्राउंड तक की सिक्योरिटी में लगाया गया है। सोमवार को 20 कांस्टेबल की एसएलआर से लैस टीम को ग्राउंड की सिक्योरिटी में लगा दिया गया है। ग्राउंड और आस पास का एरिया थ्री लेयर्ड सिक्योरिटी में रहेगा। इनर कार्डेन में निजी कंपनी के सिक्योरिटी गाड्र्स तैनात किए गए हैं। पब्लिक की तरह चौतरफा सिविल ड्रेस में खुफिया वालों का पहरा रहेगा।

ग्राउंड को चारों ओर से रछफ (सेल्फ लोडिंग रायफल) के साथ 50 से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। प्रैक्टिस पिच समेत 4 पिचों पर विशेष सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। आउटर कार्डेन की बात की जाए तो ग्राउंड और ग्रीन पार्क की बाउंड्री के बीच का एरिया स्पेशल सेल के पुलिस कर्मियों की कस्टडी में रहेगा। अगर सुपर आउटर कार्डेन की बात की जाए तो ये ग्रीन पार्क के चारों और का एरिया है। यहां माउंटेन पुलिस की पेट्रोलिंग होगी।

# इंग्लिश कप्तान पर रंगभेद मामले में 1000 यूरो का जुमार्ना

## महिला क्रिकेटर की 12 साल पुरानी ब्लैकफेस फोटो वायरल



**लंदन।** इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट पर एक हजार यूरो (करीब 92 हजार रुपए) का जुमार्ना लगाया है। नाइट पर यह जुमार्ना 12 साल पुरानी एक फोटो फिर से वायरल होने के कारण लगाया गया है।

33 साल की हीथर 2012 में स्पोर्ट्स स्टार वाली किटी पार्टी में ब्लैकफेस के साथ फैंसी ड्रेस में नजर आई थीं। फोटो 12 साल पुरानी है, जो दोबारा वायरल हो रही है। इस पर उन्हें फटकार लगाई गई है। हालांकि, इंग्लिश कप्तान ने एक बयान जारीकर माफी मांगी है। उन्हें अगले महीने यूएई में होने जा रहे विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड का कप्तान बनाया गया है।

नाइट ने कहा- लंबे समय तक इसका पछतावा रहा इस मामले में इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को हीथर नाइट का स्टेटमेंट जारी किया, जिसमें नाइट ने कहा- जो गलती मैंने 12 साल पहले की थी, उसके लिए मुझे दुख है। यह गलत था और लंबे समय तक मुझे इसका पछतावा रहा। तब मैं अपने एक्ट के परिणामों के बारे उतनी शिक्षित नहीं थी, जितना कि अब हो गई हूँ। मेरा कोई गलत इरादा नहीं था।'

हीथर ने कहा- मैं अतीत को नहीं बदल सकती, लेकिन अब मैं खेलों में समानता को बढ़ाने के लिए अपने सोशल मीडिया का उपयोग करने के लिए कमिटेट हूं। मुझे तय करना है कि कम अवसर वाले समूह को खेल में बराबर मौका मिले।

# रेसलर योगेश्वर दत्त बोले- देश से माफी मांगें विनेश

## देश को ओलिंपिक मेडल का नुकसान हुआ पर कहा गया गलत विनेश के साथ हुआ





**नई दिल्ली।** पूर्व रेसलर योगेश्वर दत्त ने कहा है कि विनेश फोगाट को देश से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उनके कारण पेरिस ओलिंपिक में भारत को एक मेडल का नुकसान हुआ है।

41 साल के दत्त ने एक शो में कहा- 'अगर मैं विनेश की जगह होता, तो देश से माफी मांगता कि मैं अपना वेट कम नहीं कर सका, लेकिन उनका स्वागत हो रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि विनेश के साथ गलत हुआ।'

विनेश पेरिस ओलिंपिक में ओवरवेट होने के कारण अयोग्य घोषित हो गई थीं। उन्हें फाइनल में पहुंचने के बावजूद मेडल गंवाना पड़ा था।

विनेश हरियाणा में होने वाले चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि दत्त इखढ से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला है। उन्होंने लंदन ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था।

### विनेश 100 ग्राम ओवरवेट होने के बाद डिसक्वालिफाई हुई थीं

विनेश फोगाट को पेरिस ओलिंपिक में फाइनल से पहले 100 ग्राम ओवरवेट होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। फिर उन्होंने इसके खिलाफ उअर में अपील की, लेकिन अपील खारिज कर दी गई थीं। 50 किग्रा वेट कैटेगरी में लगातार तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंच गई थीं। वे ओलिंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला रेसलर बनी थीं।

### राजनीति और रेसलिंग पर योगेश्वर दत्त के बयान

1. राजनीति में जाना व्यक्तिगत फैसला योगेश्वर ने कहा कि राजनीति में जाना व्यक्तिगत फैसला है, लेकिन देश को सच पता लगना चाहिए। जो पिछले एक साल में हुआ, चाहे ओलिंपिक में डिसक्वालिफाई होना हो या पहलवानों का जंतर-मंतर पर आंदोलन, इससे इंडिया की गलत छवि बनाई गई और पूरी दुनिया में उसका गलत तरीके से प्रचार किया गया।

2. मेडल गंवाने पर भी स्वागत, गलत धारणा बनाई गई योगेश्वर ने कहा कि जंतर-मंतर पर आंदोलन के बारे में गलत जानकारी देकर लोगों को बुलाया गया। ये पूरी तरह से गलत था। देश का एक मेडल का नुकसान करने के बाद भी यही परसेप्शन बनाया गया कि विनेश के साथ गलत हुआ। अगर मैं विनेश की जगह होता तो पूरे देश से माफी मांगता कि मैं अपना वेट कम नहीं कर सका, लेकिन यहां तो स्वागत हो रहा हैं।

3. राजनीति की तुलना में रेसलिंग आसान एक सवाल के जवाब में योगश्वर ने कहा कि रेसलिंग आसान है, क्योंकि राजनीति के खेल में आपकी उम्र बीत जाएगी, लेकिन आप राजनीति नहीं सीख सकते। लोगों से झूठ बोलना और उन्हें धोखा देना राजनीति में सबसे गलत बात है।

योगेश्वर दत्त ने कहा, राजनीति में सिर गिने जाते हैं, लेकिन कुश्ती में आपका बल काम करता है। राजनीति में आकर आपको पता लगता है कि कौन साथ है, कौन नहीं। ऐसे लोग भी आगे बढ़ते हैं जिनका कोई वजूद नहीं है।

# पार्कों के सौंदर्यकरण में नागरिकों की भी होगी भागीदारी : महापौर

## पार्कों के अंगीकृत के साथ-साथ, गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करें अधिकारी : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले पार्कों, ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज तथा ओपन स्पेस को जन सहभागिता से हरा भरा बनाए रखने के लिए कार्यवाही चल रही है।

पांचों जोन में लगभग 11 पार्कों के रखरखाव हेतु गोद दिया गया है जिसमें कई सामाजिक संस्थाएं, स्कूल ने सहर्ष पार्कों को व्यवस्थित तथा हरा-भरा बनाए रखने के लिए अपने कदम आगे बढ़ाएं हैं। नगर आयुक्त द्वारा सभी से वार्ता करते हुए उनको पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया तथा शहर को हरा-भरा बनाए रखने के लिए मोटिवेट किया गया। नगर आयुक्त द्वारा उद्योग बंधुओ/व्यापारियों से शासन की दी हुई कुछ निश्चित शर्तों के अधीन शहर को सुंदर बनाने के क्रम में ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज व ओपन स्पेस गोद



लेने के लिए अपील की। उद्यान प्रभारी डॉ अनुज ने बताया नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले पार्कों को इच्छुक संस्थाओं जैसे शिक्षा संस्थान, आरडब्लूए समिति, बैंक व अन्य वैधानिक संस्थाएं पार्कों को ग्रीन एरिया को गोद लेना चाहते हैं उनका स्वागत किया जा रहा है। उनको समस्त नियमावली पूर्ण कराते हुए गोद दिया जा रहा है।

महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से भी पार्कों ग्रीन बेल्टों तथा सेंट्रल वर्ज हरा भरा बनाए रखने के लिए निगम का सहयोग करने की अपील भी की गई है। नगर आयुक्त द्वारा सभी से वार्ता की गई तथा नियमों का पालन करने के लिए भी कहा गया मौके पर वरिष्ठ प्रभारी उद्यान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव भी उपस्थित रहे।

सर्वजन सुखाय समिति वसुंधरा, ब्लूम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार, छाया पब्लिक स्कूल वैशाली, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल गोविंदपुरम, नेहरू वर्ल्ड स्कूल शास्त्री नगर, कारखाना प्रबंधक रोटन में इलेक्ट्रिकल्स साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र, सीजी पब्लिक स्कूल सेंट टेरेसा स्कूल वसुंधरा, संजीवनी शिक्षा समिति आर्यन पब्लिक स्कूल वैशाली, मां भवानी फाउंडेशन नेहरू नगर, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति वसुंधरा द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की पार्क तथा हरित पट्टियों को गोद लिया गया है जिनका रखरखाव 3 वर्ष की अवधि के लिए दिया गया है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम का पूर्ण स्वामित्व होगा। किसी प्रकार का बदलाव करने से पहले संबंधित विभाग से अनुमति लेने का नियम है।

पार्कों या ग्रीन एरिया के रखरखाव के विषय में शिकायत प्राप्त होने पर अनुबंध समाप्त करने का भी प्रावधान है। शासन की योजना से न केवल पार्कों को हरा-भरा बनाए रखने में जन सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है बल्कि पर्यावरण को भी सीधा हर नागरिक से जोड़े जाने का कार्य किया जा रहा है।




### फूल वालों से मत कहलवाना वर्ना अधिकारी बुरा मान जाते हैं

वो पता नही क्यों जनप्रतिनिधि बने हैं और किसके लिये बने हैं। आलम अब ये हो चला है कि जन ही नही चाहते कि वो उनके प्रतिनिधि के रूप में कुछ कहें। जन देख चुके हैं कि पुलिस के स्टार वाले अधिकारी ने सरकार वाले ही कुछ नही माने। पार्षद का झगड़ा हो तो मेयर की नही सुनी और विधायक के गनर का किस्सा हुया तो लिख ही लो पहले लैटर वाला सीन हो गया। सरकार के मंत्री एक पुलिस अफसर के सामने रिक्वेस्ट कर रहे हैं कि ई रिक्शा चलने दो। अब इतने सम्मान के बाद पब्लिक की भी समझ में आ गया कि खुद अफसर के सामने जाना ही बेहतर हैं। किस्सा एक फूल नेता के रिश्तेदार से जुड़ा हैं। बताते हैं कि उनका कोई काम किसी सरकारी महकमें में था और वो देख चुके थे कि फूल वालों का नाम आते ही अफसर से लेकर बाबू तक रूल बताने लगे थे। उन्होने साफ कह दिया कि अगर किसी को भी कोई काम सरकारी अफसरों से करवाना हैं तो प्लीज फूल वालों से मत कहलवाना वर्ना अधिकारी बुरा मान जाते हैं।

### एनजीटी को भी सब कुछ दिखा मगर रामलीला मैदान नही दिखा

मैदान और पार्क में अतंर होता है और पार्क में पौधे लग सकते हैं मगर मैदान में एक मानक होता हैं। इसीलिये कविनगर रामलीला मैदान में सिर्फ मंचन के लिये निर्माण हुया और बाकी मैदान खाली हैं। लेकिन शहर के बीचोबीच बना रामलीला मैदान शायद नियमों से अलग हैं और ये भी हो सकता है कि उन्हे यहां निर्माण की छूट मिली हो। मैदान में बैकंट हाल बना है और सबमर्सिबल भी भूजल दोहन के लिये लगाये गये हैं। एक बैकंट हाल से काम नही चल रहा था इसलिये वाटिका से लेकर भवन तक और बनाये गये। मंच के पीछे मेंबरो के लिये आलीशान एसी हॉल बना हैं और अध्यक्ष महामंत्री के लिये एसी कक्ष अलग बने हैं। पूछने वाले पूछ रहे हैं कि एनजीटी को भी हज हाऊस ही दिखा, एनजीटी को भी कैलाश मानसरोवर भवन दिखा तभी तो नही बनने दिया मगर एनजीटी वाले मी लॉर्ड एक बार इस मैदान का भी निरीक्षण करें और देखें कि मैदान में बैकंटहाल बन गया, उस बैंकटहाल में एक मजिला निर्माण भी हुया पर ना जीडीए को खबर लगी और एनजीटी को तो पता ही नही चला। जरा सी बात पर जो बुलडोजर किसी के आशियानों पर चलता हैं वो इतनी बड़ी बात पर इन मैदानों में क्यों नही चलता हैं।

### याद रखना साईकिल वालों की लंका भी अफसरों ने लगवाई थी

जनता भगवा जनादेश दूसरी बार दे रही हैं और भगवाई हैं कि भागे भागे फिर रहे हैं कि कोई नही सुनता। पहली पारी में तो देवतुल्यों की ही रेल बनी थी लेकिन दूसरी पारी में तो खेल ही पॉवर सेंटरों के साथ हो गया हैं। मंत्री की बात जब अफसर नही मानता तो दरवाजे पर खड़ा सतंरी भी मंद मंद मुस्कराता हैं। साईकिल वालों के जलवे की बात चली तो भाजपाई ने ही कहा कि ये याद रखना कि साईकिल वालों को विपक्ष में बिठाने वाले ही भईया जी की बिरादरी के अफसर हैं। हरदयाल कोतवाल से लेकर नवनीत सिपाही का कुछ नही बिगड़ा लेकिन साईकिल का स्टैंड बिगड़ गया। पावर सेंटर माने जाने वाले आईएएस यादव तो आज भी आईएएस है और पावर सेंटर हैं लेकिन सपा की साईकिल की हवा तो निकल गई। उन्होने एक तरह से नसीहत देते हुये कहा कि सियासत वाले याद रखें कि साईकिल वालों की लंका भी अफसरों ने ही लगवाई थी। बाबा इस बात को याद रखना कि समंदर हो या सियासत हो लहर हमेशा नही रहती।

## पार्षद सचिन डागर ने कार्यालय में चलाया सदस्यता अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 60 के पार्षद सचिन डागर ने अपने कार्यालय में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया। जहां सैकड़ों लोगों ने भाजपा और मोदी जी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा परिवार का सदस्यता ग्रहण किया। पार्षद सचिन डागर ने बताया कि इस लक्ष्य के लिए पार्टी का हर कार्यकर्ता काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना सशक्त भारत निर्माण करने में भाजपा कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत को विश्व गुरु बनाना है। कार्यकताओं और पदाधिकारी सदस्यता अभियान में काम कर रहे हैं।

## गाजियाबाद में सड़क हादसे में पीएसी जवान की मौत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गाजियाबाद जिले में मंगलवार सुबह सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में पीएसी जवान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सीसीटीवी फुटेज के जरिए अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

मृतक की पहचान 27 वर्षीय रोमिल चौधरी के रूप में हुई है। रोमिल 49 ढअउ बटालियन नोएडा में तैनात था। रविवार को छुट्टी लेकर वो अपने पैतृक घर मीरापुर (मुजफ्फरनगर) गया था। मंगलवार तड़के पांच बजे वो बाइक से नोएडा के लिए निकला। गाजियाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं रोमिल के पूरे शरीर पर गहरी चोटें आईं। हालांकि रोमिल ने हेलमेट पहना हुआ था। घटनास्थल पर ही रोमिल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची।

## हम तुम रोड, निलाया ग्रीन्स रोड, ग्राम मोरटा बन गई है खतरनाक 'मौत निमंत्रण रोड'



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय राजमार्ग - 58 (मेरठ रोड) से हम तुम रोड (निलाया ग्रीन्स रोड) की लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क के दोनों और स्थित सोसायटियों दिया ग्रीन सिटी, निलाया ग्रीन्स, महक जीवन, राज विलास, मीडोज विस्ता, मोती रेजिडेंसी तथा संचार रेजिडेंसी के हजारों परिवार रहते हैं।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की क्षेत्रीय विकास योजना में हम तुम रोड को 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाना निश्चित है। लेकिन वर्तमान में यह रोड 5 से 6 मीटर ही चौड़ी है। इतनी छोटी सड़क पर गाजियाबाद नगर निगम के कूड़े की भारी भरकम ट्रक, बड़े-बड़े लोडर, आर सी सी के ट्रक तथा अन्य बड़े सामान के ट्रक चल रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के स्कूल की बस, सार्वजनिक यातायात के कार, ऑटो, रिक्शा आदि वाहनों की बहुतायत है।

तेजी से चलते वाहनों की स्थिति रात्रि में स्ट्रीट लाइट न होने से और ही खतरनाक हो जाती है। महिलाओं और बच्चों को कभी भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ सकता है। पूर्व में दुर्घटना से 29 अगस्त को एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। मंगलवार दिनांक 24 सितम्बर 24 को गाजियाबाद, जीडीए के अधिकारी, सांसद एवं स्थानीय विधायक सभी को इस स्थिति से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा तथा इस खतरनाक स्थिति से मुक्ति के लिए शीघ्र कार्यवाही करने के लिए निवेदन किया गया है। जिसमें मुख्यतः सड़क को चौड़ा करना, स्ट्रीट लाइट लगाना, गति अवरोधक बनाना तथा ट्रकों एवं डंपरों के प्रवेश को रोकने के लिए कहा गया है।

### भाजपा की सकारात्मक विचारधारा : विपिन गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर सहसंयोजक प्रकोष्ठ भाजपा अध्यक्ष व्यापार मंडल विपिन गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा शुरू से ही सकारात्मक रही है। राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है बल्कि समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका कार्य है। केवल भारतीय जनता पार्टी ही सांस्कृतिक, राष्ट्रवाद, एकात्मक, मानववाद तथा पांच निष्ठाओं की संगत विचारधाराओं के आधार पर संगठन का नियमन कर रही है। कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं की शक्ति एवं सरकार का सुनियमन सुशासन की गारंटी है। भारतीय जनता पार्टी ने कुछ ही सालों में केंद्रीय शासन एवं प्रदेशों में अन्य दलों की सरकारों की तुलना में अच्छा शासन दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकारात्मक सुशासन की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है।




## जुगाड़ वालों का भी हो गया इलाज

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले देहात जोन में उन टू-स्टार के विकेट भी गिर गए हैं, जो खुद को जुगाड़ वाला बताते थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों देहात जोन की जो एक डेढ़ दर्जन टू-स्टार वाली लिस्ट आई थी, उसमें कई जुगाड़ वालों का भी इलाज हो गया है। उधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देहात जोन के नहर वाले थाने की चौकी पर लंबे समय से थाना प्रभारी के साथ तालमेल का खेल दिखाकर चौकी चलने वाले का भी विकेट गिर गया है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों हिंदूवादी संगठनों ने चौकी वाले प्रभारी का कुछ मामला टाइट हो गया था। इसके बाद पूरा मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल के बाद



खुलासा हुआ था कि चौकी प्रभारी और कोतवाल के बीच कोई टाइअप चल रहा है। टाइअप की बात जब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अधिकारियों तक पहुंची तो, अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए चौकी प्रभारी को दिल्ली से सटे वाले एक सर्किल में भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि थाने के प्रभारी और चौकी के प्रभारी एक ही बैच के थे। दोनों के बीच जमकर तालमेल रहता था और यहीं से पूरा मामला ऑपरेट हो रहा था। उधर देहात जोन के अंतर्गत आने वाले 21 अन्य टू-स्टारों के भी कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। कुछ को चौकी से साइड लाइन किया गया है, तो कुछ थाने से सीधे चौकी पर भेजे गए हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में डीसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव के बाद देहात जोन की अब तक दो लिस्ट जारी हो चुकी हैं। इस लिस्ट में कुछ ट्वीट भी सुनाई दे रहे हैं। तो वहीं जिस तरीके से तबादले वाली इस लिस्ट को पुलिस के अधिकारी ग्रुप में नहीं डाला जा रहा है, उसको लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं जो टू-स्टार खुद को जुगाड़ वाला बताते थे, उनका इलाज होने के बाद कई साइड लाइन वाले टू-स्टार अलर्ट वाले मोड पर आ गए हैं। सुनने में आया है कि जिस तरीके से मौसम के परिवर्तन के साथ क्राइम के ग्राफ में उतार और चढ़ाव आता है, उसको लेकर भी आने वाले दिनों में देहात में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगर नहर वाले थाने की कस्बे वाली चौकी के प्रभारी का विहार वाले सर्किल में भी मामला ऐसे ही चला तो फिर कार्रवाई के शिकार हो सकते हैं।

## विधायक अजीत पाल त्यागी के दरबार में हुआ संजय नगर रामलीला कमेटी का फैसला, दोनों पक्षों में कराई सुलह

### संजीव चौधरी ने छोडी आयोजन की जिम्मेदारी, अशोक चांदीवाल और मोहन सिंह रावत बने कार्यक्रम संयोजक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर रामलीला कमेटी के दोनों पक्षों के विवाद का फैसला मंगलवार को विधायक अजीत पाल त्यागी के आरडीसी कार्यालय पर जाकर समाप्त हुआ।

श्रीआदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी के दोनों पक्षों का विवाद लगभग एक माह से सडको पर चल रहा है। चूंकि डिप्टी रजिस्ट्रार ने दोनों पक्षों के अध्यक्ष पद का चुनाव खारिज कर दिया था। परन्तु परम्परागत आयोजन को कराना भी जरूरी था। इसलिए अपनी विधानसभा क्षेत्र में होने और एक बड़ा धार्मिक आयोजन होने के कारण इसका संज्ञान विधायक अजीत पाल त्यागी ने लेते हुए दोनों पक्षों की बातों को सुना। जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से कमेटी के सदस्य अशोक



चांदीवाल और मोहन सिंह रावत को इस आयोजन का संयोजक बना दिया गया है।

कमेटी के दोनों पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र बाबू वर्मा और संजीव चौधरी दोनों को सभी के साथ मिलकर मोहन सिंह रावत का सहयोग करने के लिए कहा गया है तथा कमेटी के दोनों पक्षों के सदस्यों को एक ही सूची में सम्मिलित करते हुए समान रूप से कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी दी जायेगी।

इस समझोते पर दोनों पक्षों के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक अजीत पाल त्यागी का धन्यवाद दिया और कार्यक्रम संयोजक अशोक चांदीवाल और मोहन सिंह रावत को बधाई दी।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वार्ड 61 में पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने चलाया सफाई अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 61 में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पार्षद प्रतिनिधि आशीष चौधरी ने सफाई अभियान चलाया जिसमे नगर निगम के कर्मचारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। जिसमें लोगों ने सार्वजनिक जगहों पर साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया गया है। स्वच्छता अभियान में आशीष चौधरी पार्षद प्रतिनिधि, सुधीर गर्ग बूथ अध्यक्ष, ,आकाश चौधरी बूथ अध्यक्ष , सुबोध चौधरी, एवं नगर निगम की टीम उपस्थित रहे। सार्वजनिक जगह पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता रखने का संदेश दिया है। आशीष चौधरी ने कहा कि इस मौके पर कहा कि स्वच्छता सेवा पखवाड़ा वसुंधरा के वार्ड 61 में चलाया गया जिसमें सभी कार्यकताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### ईडी ने गाजियाबाद में कुर्क की 14.89 करोड़ की प्रॉपर्टी

गाजियाबाद करंट क्राइम। प्रवर्तन निदेशालय ने गाजियाबाद के बिल्डर राजीव त्यागी व उनके सहयोगियों की 14.89 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को कुर्क किया है। ये कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हुई है। कुर्क संपत्तियों में फ्लैट, दुकान, आवासीय और औद्योगिक भूखंड के रूप में कई अचल संपत्तियां शामिल हैं। ये सभी प्रॉपर्टी मैसर्स साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स के पार्टनर राजीव त्यागी, उनके बेटों अमर्त्य राज त्यागी, कनिष्क राज त्यागी सहित मैसर्स एमकेटी गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स एसके इंटरप्राइजेज के नाम पर हैं। दरअसल, गाजियाबाद में सीबीआई ने मैसर्स साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स और उसके सहयोगियों के खिलाफ कथित ऋण धोखाधड़ी के तहत भ्रष्टाचार की एक एफआईआर दर्ज की थी। इसी एफआईआर पर ईडी ने अपनी जांच शुरू की है।

## निगम की विभिन्न योजनाओं में लिए गए ऋण की अदायगी के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास निगम लि० गाजियाबाद से जिन व्यक्तियों ने निगम की विभिन्न योजनाओं यथा पं० दीन दयाल उपाध्याय स्वः रोजगार योजना, स्वच्छकार विमुक्ति एंव पुनर्वासन योजना तथा अनुविनि योजनाओं में ऋण प्राप्त किया है तथा ऋण की अदायगी निर्धारित अवधि में नही की है। उन्हे एक मुश्त धनराशि जमा करने पर दण्ड ब्याज एंव चकवृद्धि ब्याज माफ कर, देय ऋण पर मात्र 3 वर्षों का साधारण ब्याज लेकर उन्हें ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र दे दिया जायेगा एवं शेष वर्षों का कोई ब्याज नही लिया जायेगा। योजना से सम्बन्धित व्यक्ति किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए उन पर देय धन की वसूली 31-3-2025 तक सहायक विकास अधिकारी से सम्पर्क कर एक मुश्त समाधान (ओ०टी०एस०) योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## बेहतर जीवन जीने के लिए इच्छाओं पर नियंत्रण करना जरूरी : नरेश गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी नरेश गोयल ने कहा कि हम सभी इस बात से सहमत हैं कि जिन चीजों को हम चाहते हैं। वह वास्तव में हमारे लिए नहीं हैं। हम चाहते हैं कि हम अपने पड़ोसियों, मित्रों और रिश्तेदारों को प्रभावित करें। इस तरह का जीवन कभी भी संतुष्टिपूर्ण या सुखद नहीं हो सकता है। इसका कारण यह है कि हम दूसरों को खुश करने या प्रभावित करने के लिए जन्म नहीं लेते हैं और ना ही हम ऐसा कभी कर सकते हैं। हम जो कुछ भी करते हैं उससे केवल लोगों को हमारे अंदर खामियां ढूंढने के अवसर मिलते हैं और इसमें हमें और अधिक असंतुष्टता होती है।

हम अधिक से अधिक पैसा कमाने की सोचते हैं कंपनी में एक बड़े पद पर आसीन होने की कोशिश करते हैं। यह सब किस लिए किया जाता है। समाज समाज में अपनी सामाजिक उपस्थिति को बढ़ाते हैं और महंगे कपड़ों और सामानों की खरीदारी करते हैं। हालांकि हम इस वजह से पेशेवर बड़ा रुतबा हासिल करने और अधिक से अधिक कमाई करने के लिए काम पर बहुत अधिक समय व्यतीत करते हैं और अपने माता-पिता जीवनसाथी और बच्चों को नजर अंदाज करते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं के बीच मे भेद करना है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हमारी जरूरत है सीमित, लेकिन इच्छाएं असीमित हैं। एक सरल जीवन जीने के लिए हमें केवल आवश्यक वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए और हर भौतिक इच्छा को पूरा करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए तभी हम एक बेहतर जीवन व्यतीत कर सकते हैं।


### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

* मां वैष्णो देवी मंदिर * गुफा वाला मंदिर सपनावत - धौलाना स्थित जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहां मंदिर में दिव्य गुफा , मां की दिव्य मूर्ति के दर्शन किए तथा श्रीमद्भागवत कथा सुनने का लाभ भी प्राप्त हुआ।
श्री संजीव गुप्ता समरकूल वाले व श्री प्रदीप गुप्ता का बहुत बहुत धन्यावाद आमंत्रित करने के लिए।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** किसी सामाजिक धार्मिक कार्य की खुशी तब कई गुणा बढ़ जाती है जब कोई सामान्य व्यक्ति अपना समय वहां जाकर दे और आस्था श्रद्धा से अभिभूत होकर उसकी प्रशंसा करे। रमेश मंगल सपनावत में मां वैष्णो धाम मंदिर पहुंचे। पूजन अर्चन किया और फिर अपने मन के भाव को अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# दक्षिण जापान के द्वीपों में तेज भूकंप के झटके सुनामी की चेतावनी जारी



**टोक्यो ।** जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने मंगलवार को टोक्यो के दक्षिण में स्थित दूरदराज के द्वीपों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की। यह चेतावनी एक शक्तिशाली भूकंप के बाद जारी की गई है। एजेंसी के मुताबिक, अब तक किसी प्रकार का नुकसान या लोगों के घायल होने की खबर नहीं है।

मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि मंगलवार की सुबह इजू द्वीप के तटीय इलाकों के निवासियों ने 5.9 तीव्रता का भूकंप महसूस किया, जिसके तुरंत बाद क्षेत्र में एक मीटर तक की लहरों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई। एजेंसी ने यह भी बताया कि चाचिजो द्वीप के यानेन क्षेत्र में करीब 50 सेंटीमीटर की एक छोटी सुनामी देखी गई। यह समुद्री भूकंप हाचिजो द्वीप के करीब 180 किलोमीटर दक्षिण में आया। यह जगह राजधानी टोक्यो से करीब 300 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है।

एजेंसी ने कहा कि इस दूरदराज के समुद्री भूकंप से भूकंपीय तीव्रता का आंकड़ा अभी उपलब्ध नहीं हुआ। हालांकि, हाचिजो द्वीप के कुछ निवासियों ने यह भी बताया कि उन्होंने भूकंप को महसूस नहीं। बल्कि केवल उन्हें सुनामी चेतावनी मिली। जापान का प्रशांत महासागर क्षेत्र भूकंप और ज्वालामुखियो के लिए बहुत संवेदनशील है। इसे 'रिंग ऑफ फायर' के नाम से भी जाना जाता है। यह रिंग प्रशांत महासागर को घेरने वाली एक रेखा है, जिसमें कई भूकंपीय दोष हैं। इसी वजह से जापान में भूकंप और सुनामी का खतरा अधिक होता है।

# पीएम मोदी के अमेरिका दौरे पर राजदूत गासेर्टी ने दी प्रतिक्रिया, बाइडन-मोदी की दोस्ती पर भी की बात

**वॉशिगटन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी की अपनी तीन दिवसीय यात्रा संपन्न करके दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इस तीन दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल होने के अलावा, न्यूयॉर्क में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात भी की। उन्होंने अमेरिका के प्रमुख तकनीकी कंपनियों के सीईओ से भी बातचीत की। पीएम मोदी के इस दौरे पर भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने प्रतिक्रियी दी। उन्होंने पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की गहरी दोस्ती पर बात की। इसके साथ ही उन्होंने क्वाड शिखर सम्मेलन पर भी बात की।




एरिक गासेर्टी ने कहा, वे दो लोग (प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन) हैं, जिनकी इतनी गहरी दोस्ती है, भारतीय इतिहास में अब तक के सबसे ज्यादा अमेरिकी समर्थक प्रधानमंत्री, अमेरिकी इतिहास में अब तक के सबसे ज्यादा भारत समर्थक राष्ट्रपति और यह उन लोगों पर आधारित है जो पहले भी बहुत मजबूत रहे हैं। मुझे लगता है कि वे अपने देश के लोगों के प्रतिनिधि हैं। क्वाड एक विजन सेट करने, सिद्धांतों को साझा करने और इंडो-पैसिफिक में आम समाधान निकालने के लिए एक शक्तिशाली जगह है। यह उन देशों के विपरीत है जो नियमों के अनुसार नहीं चलना चाहते, कानून के शासन में विश्वास नहीं करते लेकिन मुझे लगता है कि हम समाधान निकालेंगे। यह इस बारे में है कि हम सक्रिय रूप से क्या कर सकते हैं और यह एक बहुत बड़ा कदम था।


## क्वाड शिखर सम्मेलन पर गासेर्टी ने की बात

अमेरिका के डेलावेयर में इस बार क्वाड शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। डेलावेयर राष्ट्रपति जो बाइडन का गृहनगर है। क्वाड शिखर सम्मेलन पर बात करते हुए एरिक गासेर्टी ने कहा, यह केवल एक देश के बारे में नहीं है। यह चार देसों के बारे में है। हमने जलवायु समाधान खोजने के लिए सिर्फ अमेरिका और भारत के बीच एक अरब डॉलर का निवेश किया है। हमारे दोनों देशों में लगभग 900 मिलियन लोग जलवायु के प्रति संवेदनशील हैं। अन्य देश इसपर गौर करेंगे, लेकिन को भी क्वाड से खतरा महसूस नहीं होने देंगे। क्वाड उन सिद्धांतों के लिए खड़ा है जिसहर देश साझा नहीं करता।

पीएम मोदी के दौरे पर बात करते हुए एरिक गासेर्टी ने कहा, मैं यह कहना चाहता हूं कि हम भारत को एक दोस्त और एक साझेदार के तौर पर देखते हैं। हम सीमाओं और संप्रभुता, कानून के शासन के बारे में सिद्धांतों को साझा करते हैं। जब भी संघर्ष हुआ हम सीमा पर भारत के साथ खड़े रहे।

## बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार ने जयशंकर से की मुलाकात

**वॉशिगटन।** बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में यूएनजीए 79 से इतर मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने बांग्लादेश एवं भारत के बीच



परस्पर हित के मुद्दों पर चर्चा की और संबंधों को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। यह जानकारी बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने दी। आपसी हितों के मामलों पर चर्चा यह बैठक सोमवार शाम (स्थानीय समय) संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान हुई। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार सुबह एक्स पर बैठक की तस्वीर पोस्ट की। मंत्रालय ने कहा कि तौहीद ने संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र से इतर भारत के विदेशमंत्री जयशंकर से मुलाकात की और आपसी हितों के मामलों पर चर्चा की।

# महिलाओं की भागीदारी के बिना कोई भविष्य नहीं अफगानिस्तान के हालात पर संयुक्त राष्ट्र में उठी आवाज

**नई दिल्ली ।** यूएन के मुख्यालय में हुआ कार्यक्रम इस तरह की रौंगटे खड़े कर देने वाली आपबीतियां और विचार, अफगान महिलाओं और दुनिया भर में उनके समर्थकों ने सोमवार को यूएन मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का आयोजन अफगान समाज में महिलाओं की भागेदारी और उनके अधिकारों को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए किया गया था। मामलों में महिलाओं को सार्थक ढंग से शामिल किया जाए अफगानिस्तान की राजनयिक रह चुकी और अब अफगानिस्तान पर महिलाओं के फोरम के लिए काम कर रहीं असीला वारदक ने कहा, 'अब, पहले से कहीं अधिक ये बहुत अहम है कि अफगानिस्तान के भविष्य से संबंधित तमाम मामलों में महिलाओं को सार्थक ढंग से शामिल किया जाए।' असीला वारदक ने जोर देकर कहा कि देश का भविष्य आधी आबादी को अलग-थलग करके नहीं बनाया जा सकता है। साथ ही ये कि महिलाओं को समाधान का हिस्सा बनाया जाए, नाकि उन्हें दरकिनार कर दिया जाए।



## इन लोगों की मदद से हुआ कार्यक्रम

इस कार्यक्रम का सहआयोजन आयरलैंड, इंडोनेशिया, स्विटजरलैंड और कतर ने, ह्यअफगानिस्तान पर महिला फोरमह्ल के साथ मिलकर किया। यह फोरम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करता है कि देश के भविष्य के बारे में किसी भी संवाद और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्णय-प्रक्रिया में, अफगान महिलाओं को शामिल किया जाए।

यह कार्यक्रम यूएन महासभा के 79वें सत्र की उच्चस्तरीय जनरल डिबेट शुरू होने से एक दिन पहले आयोजित किया गया।

यूएन प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने भी, अपनी भारी व्यस्तता के बावजूद, इस कार्यक्रम की शुरूआत में शिरकत करके, अफगान महिलाओं के लिए, अंतराष्ट्रीय एकजुटता प्रकट की। महिलाओं की आवाजों को बुलंद करना जारी रखेंगे

उन्होंने कहा, 'हम अफगान महिलाओं की आवाजों को बुलंद करना जारी रखेंगे ।

## ईरान को जंग में धकेलने की साजिश रच रहा इस्राइल

**नई दिल्ली ।** ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने सोमवार को इस्राइल पर पश्चिम एशिया में एक बड़े युद्ध को भड़काने और तेहरान को एक



बड़े संघर्ष में धकेलने के लिए जाल बिछाने का आरोप लगाया। उन्होंने करीब दो दर्जन मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि ईरान गाजा में जारी युद्ध और इस्राइल-लेबनान सीमा पर हवाई हमलों का विस्तार नहीं चाहता। एसोसिएटेड प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पेजेश्कियन ने कहा, हम लड़ाई नहीं चाहते हैं। इस्राइल सभी को युद्ध में धकेलने और क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है।

# ट्रंप के सीनेटर को टक्कर दे रहा है ये भारतीय मूल का युवा अब पूर्व अमेरिकी यूएन राजदूत का मिला समर्थन

**वॉशिगटन ।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के पूर्व राजदूत एंड्रयू यंग ने जॉर्जिया से सीनेटर का चुनाव लड़ रहे भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट अश्विन रामास्वामी का समर्थन करने का ऐलान किया है। अटलांटा के पूर्व मेयर रहे एंड्रयू यंग ने कहा कि, जॉर्जिया को अश्विन रामास्वामी की जरूरत है। यदि रामास्वामी निर्वाचित होते हैं, तो वे देश में जेनरेशन जेड के पहले भारतीय-अमेरिकी राज्य सीनेटर होंगे। रामास्वामी के माता-पिता 1990 में तमिलनाडु से अमेरिका आकर बस गए थे। एंड्रयू यंग ने सोमवार को कहा, वह (अश्विन रामास्वामी) हमारे स्कूलों को मजबूत करेंगे, सुनिश्चित करेंगे कि हमारी अर्थव्यवस्था कामकाजी परिवारों के लिए काम करे। इसके अलावा वह जॉर्जिया में नागरिक अधिकारों और मतदान के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेंगे। यही



कारण है कि मैं जॉर्जिया सीनेट के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करता हूं।

## अश्विन के एजेंडे में शामिल हैं ये सुधार

एंड्रयू यंग की ओर से मिले समर्थन पर अश्विन रामास्वामी ने कहा कि, राजदूत यंग अमेरिका और जॉर्जिया के सर्वश्रेष्ठ पक्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे दोनों पक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अश्विन ने आगे कहा कि, मैं राजदूत एंड्रयू यंग का समर्थन पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और उनकी शानदार विरासत को जारी रखने के लिए तत्पर हूं, ताकि हम जॉर्जिया के गर्भपात प्रतिबंध को खत्म कर सकें, बंदूक सुरक्षा कानूनों के खिलाफ लड़ सकें और अपने वोट के अधिकार की रक्षा कर सकें। ट्रंप के खास नेता से होगा अश्विन का मुकाबला भारतीय अमेरिकी नागरिक अश्विन रामास्वामी मौजूदा जॉर्जिया सीनेटर शॉन स्टिल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें पूरे जिले के मतदाताओं से भारी समर्थन मिला है। 2023 में स्टिल पर जॉर्जिया में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मिलकर 2020 के चुनाव परिणामों को पलटने की कोशिश करने के आरोप लगे थे।

# अमेरिका ने यू एन एस सी में सुधार का किया समर्थन भारत समेत इन तीन देशों को शामिल करने की वकालत

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों के बेहतर प्रतिनिधित्व के लिए अमेरिका ने हमेशा समर्थन किया है। अमेरिका लंबे समय से भारत, जापान और जर्मनी के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी सीटों का समर्थन करता रहा है।



## अमेरिका ने सीटों लेकर बताया प्लान

79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' को संबोधित करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की जरूरत है। अमेरिका का मानना है कि इस सुधार में अफ्रीका के लिए दो स्थायी सीट, छोटे द्वीप वाले विकासशील देशों के लिए एक रोटेशनल सीट और लैटिन अमेरिका व कैरीबियाई देश के लिए स्थायी प्रतिनिधित्व शामिल होना चाहिए। देशों के लिए स्थायी सीटों के अलावा, हमने लंबे समय से जर्मनी, जापान और भारत का समर्थन किया है।

## सुधार के लिए तुरंत शुरू हो वार्ता

ब्लिंकन ने कहा, अमेरिका यूएनएससी में सुधार पर तुरंत वार्ता शुरू करने का समर्थन करता है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका यूएन की प्रणाली को इस दुनिया के अनुरूप ढालने के लिए प्रतिबद्ध है, जो वर्तमान और भविष्य की वास्तविकता को दर्शाए। उन्होंने कहा कि, संयुक्त राज्य अमेरिका परिषद में सुधारों पर तत्काल बातचीत शुरू करने का समर्थन करता है। ब्लिंकन ने दुनिया को प्रभावित करने वाली जियोपॉलिटिकल स्थिति को सुधारने के लिए यूएन के सिस्टम पर विश्वास जताया। हालांकि, उन्होंने ऐसे किसी भी संशोधन का कड़ा विरोध किया, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांत को बदल सकता हो। उन्होंने कहा, 'अमेरिका आज और भविष्य की दुनिया के हिसाब से संयुक्त राष्ट्र प्रणाली को ढालने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन हम ऐसे किसी भी बदलाव के खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे। हम यूएन चार्टर के मूल सिद्धांतों को तोड़ने, कमजोर करने या मौलिक रूप से बदलने के प्रयासों को नहीं मानेंगे।

## भारत को पूरी दुनिया से मिल रहा है समर्थन

उल्लेखनीय है कि भारत विकासशील देशों के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की मांग लंबे समय से कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से भारत की इस मांग को गति मिली है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 15 सदस्य देश हैं। जिनमें वीटो पावर वाले पांच स्थायी सदस्य और दो साल के कार्यकाल के लिए चुने गए दस गैर-स्थायी सदस्य शामिल हैं।

# पाकिस्तानी नेता अल्ताफ हुसैन का दावा- देश में संसद का कोई महत्व नहीं, सेना है एक मात्र 'सत्ता'

**लंदन ।** पाकिस्तान के एक राजनीतिक दल मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) के संस्थापक और नेता अल्ताफ हुसैन पाकिस्तान आर्मी को लेकर लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने दावा किया कि, देश की संसद स्वायत्त नहीं है, न्यायपालिका में स्वतंत्रता का अभाव है, और पाकिस्तान में सेना ही एकमात्र सत्ता है।



## 'पाकिस्तान में लोग शर्म से विवश हैं'

अपने 71वें जन्मदिन के अवसर पर लंदन में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए मुस्लिम नेता अल्ताफ हुसैन ने दावा कि पाकिस्तान में संसद का कोई दर्जा नहीं है। असली ताकत सेना के पास है। लोग शर्म से विवश हैं। लोगों पर अन्यायपूर्ण अत्याचार करने वाली ताकतों के खिलाफ जिहाद छेड़ना जायज और जरूरी है। मुस्लिम नेता अल्ताफ हुसैन का यह कार्यक्रम उत्तरी लंदन के बर्न्ट ओक के एक स्थानीय हॉल में आयोजित किया गया था। इसमें लंदन, बर्मिंघम, मैनचेस्टर, ब्रैडफोर्ड, लीसेस्टर, ब्राइटन और अन्य शहरों से सैकड़ों लोग शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में पंजाबी, पख्तून, बलूच, सिंधी, सरायकी या मुहाजिर जैसी जातीय पृष्ठभूमि के अस्तित्व को नकारना वास्तविकता को झुठलाना है।

उन्होंने कहा, यह पहचान एक प्राकृतिक तथ्य है, न कि कोई मानवीय रचना और इसे नकारना भगवान के अस्तित्व का ना मानने के समान है। लेकिन इसका उद्देश्य कभी भी पहचान के आधार पर घृणा, उत्पीड़न को बढ़ावा देना या दूसरों को पीड़ा पहुंचाना नहीं होना चाहिए।

**'पूरे पंजाब ने मुझे देशद्रोही और भारतीय एजेंट बताया जा रहा है'** : अल्ताफ हुसैन ने उन लोगों पर भी हमला किया जिन्होंने उन्हें देशद्रोही करार दिया है। अल्ताफ हुसैन ने कहा कि, पूरे पंजाब ने मुझे देशद्रोही और भारतीय एजेंट बताया जा रहा है। इसी तरह साई जीएम सैयद, बाचा खान, शेख मुजीब उर रहमान और बलूच विरोधियों को भी देशद्रोही करार दिया जा रहा है।

जब उन्होंने (विरोधियों) इमरान खान पर देशद्रोही और यहूदी एजेंट होने का आरोप लगाया तो लोगों की भी यही भावनाएं थीं। **'पाक सेना सिर्फ पंजाबी और पठान की है'** । पाकिस्तानी नेता ने कहा कि, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा की जनता ने इमरान खान को देशद्रोही और यहूदी एजेंट मानने से इनकार कर दिया, क्योंकि उनके दिमाग में यह बात बैठ गई थी। कि पंजाबी और पठान देशद्रोही नहीं हो सकते हैं। हुसैन ने कहा कि सेना में मुख्य रूप से 80 प्रतिशत पंजाबी और 20 प्रतिशत पश्तून हैं।

## 'क्वाड का मकसद साझा चुनौतियों का समाधान खोजना

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के भारत में राजदूत एरिक गासेर्टी ने कहा कि चारों क्वाड देशों का एक समान दृष्टिकोण



है । कि हिंद प्रशांत क्षेत्र स्वतंत्र और समृद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समूह का उद्देश्य साझा चुनौतियों का समाधान खोजना और उन सिद्धांतों के लिए खड़े होना है, जिन्हें सभी देश साझा नहीं करते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के साथ एक इंटरव्यू में गासेर्टी ने कहा कि क्वाड एक ऐसा ताकतवर मंच हैं, जहां हम दृष्टिकोण साझा कर सकते हैं और समाधान निकाले जा सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने गृहनगर विलमिंगटन (डेलावेयर) में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी की।

# इस्राइली हवाई हमले में मरने वालों का आंकड़ा 492 पहुंचा 1600 से ज्यादा लोग घायल

**बेरुत ।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस्राइली हवाई हमले बिंट जेबिल, एतारौन, मजदल सेलेम, हुला, टूरा, कलैलेह, हारिस, नबी चित, तरैया, श्मेस्टार, हरबता, लिबबाया और सोहमोर सहित दर्जनों शहरों पर हुए। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र समन्वयक ने कहा कि राजनयिक प्रयासों को सफल होने की गुंजाइश दी जानी चाहिए, क्योंकि दोनों पक्षों के नागरिकों की सुरक्षा और क्षेत्र की स्थिरता खतरे में है।



रविवार को हिजबुल्ला ने उत्तरी इस्राइल में 100 से अधिक रॉकेट दागे थे। रॉकेट इस्राइल के हाइफा शहर के पास गिरे थे। इस हमले में चार लोग घायल हो गए। वहीं रॉकेट हमले के बाद हिजबुल्ला के उपनेता नईम कासिम ने खुली लड़ाई का एलान किया था। जवाबी कार्रवाई में, इस्राइल ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया, जिसमें एक एयरबेस और सैन्य उत्पादन सुविधाएं शामिल थीं।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया था कि दक्षिणी क्षेत्रों में इस्राइली हमलों में तीन लोग मारे गए, जबकि हिजबुल्ला ने पुष्टि की कि उसके दो लड़ाके मारे गए। इस्राइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला ने 20 सितंबर को उत्तरी इस्राइल पर एक बड़ा हमला किया। लेबनान से रात भर में 150 से अधिक रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन दागे गए। इसके बाद भड़की इस्राइली सेना ने पलटवार में हिजबुल्ला के टॉप कमांडर इब्राहिम अकील को ढेर कर दिया। इब्राहिम अकील हिजबुल्ला में दूसरे नंबर पर है, जो सीधे चीफ हसन नसरल्लाह को रिपोर्ट करता है

**इस्राइल की उत्तरी सीमा से घर छोड़कर जाने लगे लोग :** इस्राइल ने हमास के साथ गाजा में युद्ध के बाद उत्तरी सीमा पर मोर्चा खोल दिया है। हिजबुल्ला के हमले के चलते उत्तरी इस्राइल के सीमावर्ती इलाकों से लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए थे। इस्राइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि उत्तरी सीमा के निवासियों की अपने घरों में सुरक्षित वापसी तक हिजबुल्ला के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस्राइली जनता को संयम दिखाना होगा।

उन्होंने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ सेना के हमलों के बारे में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से बात की थी।

ऑस्टिन को हिजबुल्ला की धमकियों की जांच की। इस्राइली नागरिकों के खिलाफ हमले शुरू करने की हिजबुल्ला की क्षमता को कम करने के लिए हमलों जानकारी दी गई। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कहा है कि उत्तरी सीमा पर सुरक्षा संतुलन में बदलाव किया जा रहा है। इस्राइल मुश्किल दिनों का सामना कर रहा है। उन्होंने इस्राइल की जनता से एकजुट रहने का आान किया।

## ट्रंप का न्याय विभाग-एफबीआई पर आरोप

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्याय विभाग और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) पर हाल ही में उन पर हुए हमलों के मामले को गलत तरीके से संभालने का आरोप



लगाया। उन्होंने स्टेट ऑफ फ्लोरिडा (फ्लोरिडा राज्य) से जांच की मांग की। 78 वर्षीय ट्रंप पर 15 सितंबर को वेस्ट पाम ब्रिज के ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में दूसरी बार हमला किया गया था। इस मामले में हवाई में एक छोटी निर्माण कंपनी के मालिक 58 वर्षीय रयान वेस्ले रॉथ को हिरासत में लिया गया था। एक बयान जारी कर ट्रंप ने कहा, कमला हैरिस और जो बाइडन की न्याय विभाग और एफबीआई ने जुलाई के बाद मेरे उपर हुए दूसरी बार हमले को गलत तरीके से संभाला।

# एस. जयशंकर ने जी 4 देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात सुरक्षा परिषद में सुधार की जताई प्रतिबद्धता

**न्यूयॉर्क ।** वदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को न्यूयॉर्क जी-4 देशों के अपने समकक्षों के साथ मुलाकात की। जिसमें भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार के लिए समूह की प्रतिबद्धता को लेकर चर्चा हुई। इन जी4 राष्ट्रों में ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान शामिल हैं। बता दें कि, जी4 देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीटों के लिए एक-दूसरे की दावेदारी का समर्थन करते हैं।

आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका आए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के दौरान जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा, जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बैरबॉक और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा से मुलाकात की।

इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने लिखा कि, आज न्यूयॉर्क में सहकर्मियों के साथ पारंपरिक जी-4 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होकर प्रसन्नता हुई। जी-4 ने पाठ आधारित वार्ता के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के तत्काल सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।



भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए वर्षों से किए जा रहे प्रयासों में सबसे अग्रिम पंक्ति में रहा है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के उद्देश्य के लिए पूरा नहीं करती है और ना ही समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करती है। एक ध्रुवीकृत सुरक्षा परिषद वर्तमान में शांति और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी पूरी तरह से विफल रही है। जिसका ताजा उदाहरण यूक्रेन-रूस युद्ध और इजराइल-हमास जैसे संघर्षों परिषद के सदस्य बंटे हुए नजर आ रहे हैं। जयशंकर ने सोमवार को वेनेजुएला के अपने समकक्ष यवान गिल के साथ भी ऊर्जा और आर्थिक सहयोग समेत अन्य मुद्दों पर बातचीत की। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज यूएनजीए 79 के दौरान वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल से मिलकर खुशी हुई।

ऊर्जा, स्वास्थ्य और आर्थिक सहयोग के साथ-साथ बहुपक्षवाद में सुधार पर भी चर्चा हुई।




# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 28 संदर्भ निर्माण विभाग की प्राप्त हुई 13 समस्याएं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम मुख्यालय पर संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ। संभव में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में लगभग 28 संदर्भ प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश संदर्भ निर्माण विभाग से सम्बन्धित है। नगर आयुक्त द्वारा सभी संदर्भों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अन्य समस्याओं के समाधान के साथ-साथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रकाश विभाग टीम को कड़े निर्देश जारी किए गए।



निर्माण विभाग से 13 संदर्भ, स्वास्थ्य विभाग से 02 संदर्भ, उद्यान विभाग से 03 संदर्भ, प्रकाश विभाग से 02 संदर्भ, जलकल विभाग से 04 संदर्भ, अतिक्रमण संबंधित 03 संदर्भ, अन्य विभाग से 01 संदर्भ प्राप्त हुए। इस दौरान वार्ड संख्या 24 के पार्षद द्वारा बमहेटा अंतर्गत पुलियाओं के जीर्णोद्धार, वार्ड संख्या 42 की पार्षद द्वारा पार्कों में ओपन जिम व अन्य विकास कार्यों को लेकर भी नगर आयुक्त के समक्ष चर्चा की। संभव के दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश व अन्य सभी विभाग उपस्थित रहे।

# पहली किस्त आते ही इंदिरापुरम में कार्य शुरू करने को निगम तैयार, नगर आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बनाई कार्य योजना

## विज्ञापन के अधिकार के साथ-साथ इंदिरापुरम के कम्युनिटी सेंटर पर भी हैंडओवर ले विभाग : नगर आयुक्त





गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंदिरापुरम में कार्य प्रारंभ करने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की पहली किस्त आने के उपरांत तत्काल प्रभाव से कार्य प्रारंभ करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम का हैंडोवर लेने के उपरांत की सभी अकाउंट संबंधित कार्यवाही भी पूर्ण कर ली गई है। प्रथम चरण में आने वाली धनराशि 70 करोड़ के अनुसार इंदिरापुरम क्षेत्र में कार्य प्रारंभ करने की योजना बनाई गई जिसमें निर्माण विभाग उद्यान विभाग जलकल विभाग तथा प्रकाश विभाग को एस्टीमेट प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए है। प्रमुख सड़कों के साथ-साथ वार्डों की आंतरिक मार्गो को भी सुधारा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यकता अनुसार इंदिरापुरम क्षेत्र में एमआरएफ सेंटर बनाने के लिए भी कहा गया है तथा 8500 वर्ग मीटर जमीन पर सॉलिड वेस्ट निस्तारण प्रक्रिया हेतु शीघ्र कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए संपत्ति विभाग तथा टैक्स विभाग को भी तेजी से कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। समस्त इंदिरापुरम के कम्युनिटी सेंटर पर हैंडोवर लेने के लिए निर्देश दिए गए हैं। विज्ञापन प्रक्रिया को भी जांचते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। 1 अक्टूबर से लेकर आगामी वित्तीय वर्ष तक टैक्स वसूली के लिए भी संबंधित विभाग को कहा गया है।

नगर आयुक्त द्वारा इंदिरापुरम निवासियों के लिए कई नई योजनाओं को लाने के लिए भी अधिकारियों से चर्चा की गई। इंदिरापुरम क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण समाप्त करने पर योजना बनाई गई। उद्यान विभाग को इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित ग्रीन बेल्ट तथा पार्कों में प्रमुखता से ध्यान देने के लिए माली व अन्य टीम लगाने के लिए भी कहा गया है। इस बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव, संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी प्रकाश कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, महाप्रबंधक जल तथा लेखाधिकारी उपस्थित रहे।

# जीडीए में नई आवासीय योजना हरनन्दीपुरम की समीक्षा बैठक सम्पन्न





## जीडीए वीसी ने अधिकारियों के साथ बनाई कार्य योजना, दिये निर्देश

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार को जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स की अध्यक्षता में नये गाजियाबाद के रूप में विकसित की जाने वाली हरनन्दीपुरम योजना के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में योजना की चहुँमुखी परिधि, सरकारी भूमि, ग्राम-विकास व अन्य भूमि का चिन्हीकरण करते हुए प्रथम माइलस्टोन प्राप्त कर लिया गया है। द्वितीय माइलस्टोन भूमि जुटाव/अधिग्रहण की कार्यवाही की जानी है। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि योजना की परिधि उसका क्षेत्रफल सुनिश्चित होने की प्रत्याशा में उसका डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाये जाने हेतु निविदा एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाये। नई आवासीय योजना के क्षेत्र विस्तार के अन्दर आने वाले गाटों की सूची तैयार कर ली जाये, प्रयास यह किया जाये कि योजना परिधि क्षेत्रफल के सम्पूर्ण गाटों को ही लिया जाये। अभियन्त्रण अनुभाग द्वारा योजना की परिधि सुनिश्चित किये जाने के उपरान्त अर्जन अनुभाग के द्वारा योजना का गाटावार क्षेत्रफल की सूची बनाई जाये इस प्रकार योजना में अर्न्तनिहित गाटों की संख्या एवं कुल क्षेत्रफल सुनिश्चित हो जायेगा। नियोजन अनुभाग को निर्देशित किया गया कि गाजियाबाद महायोजना-2021 एवं 2031 के दृष्टिगत नई आवासीय योजना पर संक्षिप्त टिप्पणी तैयार कर ली जाये। नई आवासीय योजना के क्षेत्र विस्तार में रीक्रिशनल ग्रीन तथा कृषि भू-उपयोग है, जो रेग्यूलेशन संशोधित करते समय यह ध्यान में रखा जाये कि रीक्रिशनल भूमि का क्या उपयोग हो सकता है।

कृषि भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन हेतु नियमानुसार प्रस्ताव आगामी बोर्ड में रखा जाये। नई आवासीय योजना की कनेक्टिविटी हेतु उपलब्ध और चिन्हित मार्गो और सुविधाओं को भी महायोजना-2031 में सम्मिलित कर लिया जाये। इस बैठक में जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, अपर सचिव पीके सिंह, विशेष कार्याधिकारी गुंजा सिंह, प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र सिंह, नगर नियोजक अरविन्द कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर बहुत जबरदस्त ऊबाला मार रहे हैं हातम भैय्या के जज्बात? हमने देखा जब दिल्ली कूच करने को कश्यप जी ने बुलाई थी गेस्ट हाऊस पर ओबीसी चेहरों की मीटिंग? तब वहां पर हातम भैय्या कह रहे थे कुछ ऐसी ही बात? भगवा कमांडर के आने से पहले उन्होंने मांगा कार्यक्रम में मौजूद तमाम कार्यकर्ताओं का सपोर्ट? कहा शहर सीट पर 60 प्रतिशत ओबीसी आबादी है? इसलिए ये बात होनी चाहिए चुनाव के मददेनजर प्रमुखता से नोट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा ताकतवर पूर्व लेडी जनप्रतिनिधि 1.0 की सक्रियता लगती है हमें बहुत ही खास? वो पूर्व होते हुए भी नहीं होने दे रहीं हैं पूर्व होने का एहसास? सुना है उनके दिल में तेजी से प्रज्जवलित हो चुके हैं विधायक बनने के जज्बात? टारगेट पर है उनके शहर विधानसभा का उपचुनाव? सुना है रोजाना दिल्ली के बड़े गलियारों में डल रहा है उनका डेरा? रोजाना लग रहा है पार्टी के दरबारों में उनका फेरा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसलिए हमें रेड फेस मैन का लगता है व्यवहार बहुत ही खास? जहां मंच मिलने पर अधिकतर नेता फेवीकोल की तरह कुर्सियों पर जम जाते हैं? वहीं रेड फेस मैन का होता है अलग अंदाज? हमने देखा ओबीसी वाली बैठक में मंच पर दिख रहा था सुनील यादव का दम? मंच पर वैसे भी कुर्सियां थी बहुत कम? इतनी देर में पूर्व पालिका चेयरमैन रीना भाटी ने दिये अपने दीदार? महिला को सम्मान देने में नहीं किया यादव जी ने इंतजार? तुरंत छोड़ दी उन्होंने अपनी मंच वाली सीट? सच बतायें इसलिए ये आदमी हमको लगता है ठीक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पार्षदों में एक चर्चा हो गई है आम? कहने वाले कह रहे हैं नगर निगम के एक बड़े अधिकारी से कई मैम्बर काफी प्रभावित है श्रीमान? कहने वाले कह रहे हैं कि इन अधिकारी का है अंदाज बहुत ही भारी? ताकतवर लोगों ने उनके ट्रांसफर को लेके लगा दिया है दम? मगर अभी भी उनकी सेवाएं हैं जारी? कहने वाले मैम्बर कह रहे हैं कि हम भी पाना चाहते हैं इन अधिकारी से ताकत का उपदेश? इनकी भी तरकश में है काफी सारे मजबूत फेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** राधे और श्याम का नाम लेकर पार्षद जी के क्षेत्र में हुआ जनसमस्या का समाधान? 10एचपी का पम्प लगा और शुरू हो गया वॉटर सप्लाई का काम? मगर उद्घाटन की मौके की हमें तस्वीर नहीं लगी ठीक? पार्षद जी तो नंगे पैर पम्प की पूजा अर्चना कर रहे थे? मगर इंजीनियर साहब फुटवियर पहन कर खड़े हुए थे पम्प के नजदीक? हम तो बस इंजीनियर साहब को यही देना चाहते हैं पैगाम? भले ही उनसे ऐसा बाईचांस हुआ होगा? आस्था के मामले में उनको देना चाहिए ज्यादा ध्यान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाल ही में जीत कर आये पांच भगवा कार्यकारिणी सदस्यों में से एक कार्यकारिणी सदस्य फूंक-फूंक कर रख रहे हैं कदम? सिल लिए हैं उन्होंने अपने होंठ, ताकि हो ना जाये कोई शब्दों का सितम? सुना है इनके दिल में लग रही है उपाध्यक्ष बनने की आग? आप आज के समय में किसी भी मुद्दे पर इनसे अगर बयान मांगोगे? तो ये खामोशी साध जायेंगे साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर के यहां भगवा चौपड़ा के नाम पर है अंकुश? तो यहां पर अब पूरी मजबूती से चल रहा है युवा अरोड़ा का नाम? हम देख रहे हैं भगवा कमांडर इस युवा चेहरे को आजकल दे रहे हैं पार्टी का बहुत ज्यादा काम? हमने देखा मंगलवार को सदस्यता को लेकर अरोड़ा भैय्या फोन मिलाकर करा रहे थे पार्टी के तमाम नेताओं की कमांडर से बात? माहौल बड़ा जोरदार था, ऐसा लग रहा था जैसे कमांडर ने दे दिया हो इस युवा तरकशी चेहरे को अपना पूरा आशीर्वाद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें बहुत ही भाता है भगवा सांवरिया जी का किरदार? वो बहुत सुंदर आयोजन शहर में कराते हैं? बहुत ही बखूबी से करते हैं कार्यक्रम का प्रचार? सुना है वो ऐसे ही एक भावी कार्यक्रम का निमंत्रण लेकर पहुंचे थे भगवा कमांडर के पास? यहां पर वो उनको निमंत्रण देने के लिए पहुंचे थे खास? कमांडर निमंत्रण के बाद उनको सीऑफ करने के लिए गए बाहर? तब तक कार्यालय में बैठे कार्यकर्ताओं ने कार्ड को ओपन कर लिया? और उनका चेहरा तमतमा गया यार? कार्यकर्ता कार्ड में कमांडर का फेस नहीं होने से हो गये बहुत ज्यादा नाराज? देखना अब ये है कि इस नाराजगी का क्या आयेगा एहसास?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अभी भी कोर्ट में भगवागढ़ के कई पार्षदों की चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ डली हुई है रिट? सुना है कुछ तो बच गये हैं? मगर कुछ का मामला होना है फिट? सुना है तलाशने वालों ने तलाश लिये हैं एक लेडी पार्षद के नामांकन के सबूत? देने वालों ने दे दी है जानकारी? कि इनकी एक नहीं सात-सात वोटों का हमारे पास है प्रूफ? इनके प्रस्तावक ने लिया हुआ है इनसे भी ज्यादा लोड? इनके तो साथ है उनकी तो है 9 वोट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ई-रिक्शा वालों के साथ हो गया गजब का सीन? सदस्यता तो उन्होंने ले ली भगवा वालों की? मगर बजाने वालों ने अपने हिसाब से बजाई उनकी बीन? हापुड़ रोड पर जो तैयार हुआ था मंत्री जी को ई-रिक्शा संचालित करने का लैटर तैयार? उस पर तो हुआ ही नहीं मौके पर विचार? अखबारों तक भी नहीं गया ज्ञापन का कोई संदेश? सुना है जो लेकर गये थे इन सबको अपने साथ? गायब-गायब से दिख रहे हैं फिलहाल वो फेस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर : हरीश मल्होत्रा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हरीश मल्होत्रा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर बढ़ रहा है और देश में सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति की दिशा में हुए कार्यों ने देश की सांस्कृतिक विविधता और महान सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित तो किया ही है साथ ही इसे पूरी दुनिया में प्रतिष्ठित किया है। आजादी के बाद से देश में राजनीतिक केंद्र रहे राम मंदिर, तीन तलाक, जम्मू कश्मीर में धारा 370 और नागरिकता कानून जैसे तमाम मुद्दों को प्रधानमंत्री मोदी ने स्थाई समाधान तक पहुंचाया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में शिक्षा, कौशल, विकास और रोजगार के कार्यों को गति मिल रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की खाई को पाटने का महत्व पूर्ण कार्य हो रहा है। शिक्षा कौशल, निर्माण और बेहतर आजीविका अवसरों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाया जा रहा है। परिवहन नेटवर्क का आधुनिकरण, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, सुनिश्चित करना और डिजिटल डिवाइस को बढ़ावा देने जैसे जैसे अनेक विकास के कार्य किए गए है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।


## श्रद्धांजलि



### स्व श्री महामंडलेश्वर मार्तंड पशुपति पंकज त्यागी

मान्यवर

अत्यन्त दुखी हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है हम सभी के प्रिय श्री श्री महामंडलेश्वर मार्तंड पशुपति पंकज त्यागी का निधन दिनांक 12 सितम्बर 2024 को हो गया था। जिनकी अजर अमर आत्मा की परम शांति एवं सदगति हेतु श्रद्धांजलि सभा दिनांक **25 सितम्बर 2024** दिन-बुधवार को होनी निश्चित हुई है

- कार्यक्रम -

हवन पूजा..................................10 बजे प्रातः

श्रद्धांजलि सभा........................03 बजे से 04 बजे तक

- स्थान -

दिवाकर मॉडल स्कूल, श्याम पार्क एक्सटेंशन, साहिबाबाद गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार
श्री जी.एस. त्यागी (पिता)
शशि त्यागी (मौसी)
श्री दिवाकर त्यागी (भाई)
श्रीमति लवी त्यागी (पत्नी)
श्री रुद्राक्ष त्यागी (पुत्र)
श्री लक्ष्य त्यागी (पुत्र)
ऋषिका त्यागी (पुत्री)
एवं समस्त त्यागी परिवार

दिवाकर मॉडल स्कूल
समस्त परिवार

पशुपति नाथ अखाड़ा
समस्त परिवार